

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-12 अंक:12 ता. 05 जूलाई 2023, बुधवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## वरुण गांधी का कट सकता है पीलीभीत से लोकसभा टिकट, इस ओबीसी नेता को मौका मिलने के हैं कयास

उत्तर प्रदेश भाजपा में चर्चा है कि इस बार पीलीभीत लोकसभा सीट से सांसद वरुण गांधी का पत्ता कट सकता है। उनकी जगह पर जिले के ही भाजपा विधायक को मौका मिल सकता है, जो लगातार दो बार जीत चुके हैं।

**नई दिल्ली।** पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी की बीते कई सालों से भाजपा नेतृत्व से अनबन चल रही है। किसान आंदोलन से लेकर कई मुद्दों पर वह नेतृत्व से अलग राय रखते रहे हैं। ऐसे में वह 2024 में लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ेंगे या नहीं, इसे लेकर कयासों का दौर तेज है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वरुण गांधी को पीलीभीत लोकसभा सीट से शायद इस बार टिकट न दिया जाए। उनकी जगह पर जिले के ही एक ओबीसी विधायक को मौका मिल सकता है, जो लगातार दो बार चुनाव जीत चुके हैं। इसके जरिए भाजपा ओबीसी वर्ग को एक संदेश देने की कोशिश करेगी।

वरुण गांधी ने कई बार भाजपा नेतृत्व से असहमति जताई है, लेकिन पार्टी ने उन्हें लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा। हालांकि उन्हें कई राज्यों में हुए चुनाव प्रचार में अहमियत नहीं दी गई। यूपी में भी उन्हें कोई अहम भूमिका नहीं सौंपी गई है। इससे साफ है कि नेतृत्व वरुण गांधी को नजरअंदाज कर रहा है। यही नहीं



उनकी मां मेनका गांधी भी 2019 में दोबारा बनी मोदी सरकार में किसी पद पर नहीं हैं। इससे पहले 2014-19 के दौरान वह महिला एवं बाल विकास मंत्री थीं, लेकिन अब वह भी बेटे की तरह ही महज सांसद हैं और भाजपा के किसी बड़े आयोजन में मंच पर भी नहीं दिखतीं।

यही वजह है कि वरुण गांधी के अलावा मेनका गांधी के भविष्य को लेकर भी सवाल उठते रहते हैं। अब चर्चा है कि पीलीभीत से संजय सिंह गंगवार को भी लोकसभा का टिकट मिल सकता है। वह शहर विधानसभा सीट से दो बार से विधायक हैं। उनकी यूपी भाजपा के संगठन में अच्छी पकड़ है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी करीब माने जाते हैं।

**संतोष गंगवार की जगह नए नेता को तैयार करना है मकसद**

बरेली-पीलीभीत क्षेत्र से कद्दावर नेता रहे संतोष गंगवार की जगह भाजपा अब उनको ओबीसी नेता के तौर पर प्रमोट करना चाहती है। गंगवार ने 2012 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन 4 हजार वोटों से हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की। अब 2022 में फिर विजय पा सकते हैं।

## लालू परिवार 'रॉबिनहुड का उल्टा अवतार', जो गरीबों को लूटता है-भाजपा



**रॉबिनहुड अमीरों को लूटता था और गरीबों का भरण-पोषण करता था।**

**नई दिल्ली ।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा दायर चार्जशीट में आरजेडी प्रमुख लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के नाम होने पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। आरजेडी के नेताओं पर तंज कसते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उन्हें रिवर्स रॉबिनहुड बताया है। उन्होंने कहा कि रॉबिनहुड अमीरों को लूटता था और गरीबों का भरण-पोषण करता था। लेकिन रॉबिनहुड के उल्टे अवतार भ्रष्टाचार में लिप्त परिवार गरीबों को लूटता है। उनकी जमीन हासिल करता है और अपनी जेब भरता है। 600 करोड़ रुपये के घोटाले में लिप्त होता है।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ दिल्ली के विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 2004-2009 में यूपीए सरकार में लालू यादव के रेलमंत्री रहने के दौरान बिना किसी विज्ञापन या सार्वजिनक सूचना के नियमों का उल्लंघन कर पसंदीदा लोगों को रेलवे में नियुक्त किया गया। आरोप है कि रेलवे में नौकरी के बदले में अभ्यार्थियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को बाजार भाव से काफी कम दर में जमीन बेची थी।

## भाजपा इस बार मध्यप्रदेश में 200 सीटों से ज्यादा जीतेगी : नरोत्तम मिश्रा

**मथुरा।** सोमवार देर शाम मथुरा पहुंचे मध्यप्रदेश के गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा इस बार मध्य प्रदेश में 200 सीटों से ज्यादा जीतेगी। इस दौरान भाजपाईयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा सोमवार की देर शाम ट्रेन से मथुरा पहुंचे। यहां से वह काफिले के साथ वृंदावन में रंगनाथ मंदिर के पूर्वी द्वार के समीप स्थित गुरु जी के आश्रम पर पहुंचे। इसके बाद आश्रम के महंत गुरु बाल मुकुंद महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान नरोत्तम मिश्रा ने भेंट भी दी। आश्रम में गुरु पूजन करने के बाद गृह मंत्री कुछ समय के लिए संत बाल मुकुंद महाराज



से अध्यात्म पर चर्चा की। गृहमंत्री श्री मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा विधानसभा चुनाव में भाजपा 200 से ज्यादा सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। भाजपा पिछले 20 वर्ष से सत्ता में है। इस बार भी परिवर्तन की कोई गुंजाइश नहीं है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने महाराष्ट्र के सियासी संकट पर कहा कि जो अपना घर नहीं संभाल सकते वह ईडी और सीबीआई के दुरुप्रयोग का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को समर्थन देने वाले अजीत पवार और उनके विधायक विकास के पक्षधर हैं।

## गलत सिग्नल मिलने से लूप लाइन में गई थी ट्रेन, बालासोर हादसे पर आई रेलवे की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** बालासोर रेल हादसे में 290 से ज्यादा लोगों की मौत का जिम्मेदार कौन है? इसका पता चल गया है। कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी यानी CRS ने अपनी रिपोर्ट में सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन विभाग में कई स्तरों पर हुई चूक के चलते रेल हादसा हुआ था। आयोग ने रेल मंत्रालय को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। 2 जून को हुए कोरोमंडल एक्सप्रेस में हादसे में 900 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि दो खराब मरम्मत कार्यों (साल 2018 में और हादसे के कुछ घंटों पहले) के कारण कोरोमंडल एक्सप्रेस अन्य ट्रेक पर मौजूद मालगाड़ी से टकरा गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इसी तरह की घटना खड़गपुर रेलवे डिवीजन के तहत आने वाले बंगाल के एक स्टेशन पर 16 मई 2022 में हुई थी। उस दौरान गलत वायरिंग के चलते ट्रेन अलग ही रास्ते पर चली गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोकल सिग्नलिंग सिस्टम में बार-बार आ रही परेशानियों पर ध्यान दिया जाता, तो



2 जून को हुई घटना को रोका जा सकता था। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिग्नलिंग सर्किट अल्टरेशन के काम में पहले हुई खामियों के चलते कोरोमंडल एक्सप्रेस का एक्सीडेंट हुआ था। खास बात है कि रिपोर्ट में दर्ज जानकारियां सीबीआई की जांच में शामिल होंगी। हालांकि, एक तथ्य यह भी है कि रेल मंत्रालय इस रिपोर्ट को खारिज या स्वीकार भी कर सकता है।

**आसान भाषा में समझें**

रिपोर्ट के अनुसार, गलत सिग्नल मिलने के कारण ट्रेन मालगाड़ी वाले ट्रेक पर पहुंच गई थी और 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टकरा गई। नतीजा हुई कि ट्रेन का अधिकांश हिस्सा पटरी से उतर गया और कुछ बोगियां बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से भी टकरा गई। 2018 में हुए मरम्मत के खराब कामों में केबल में आई समस्याएं भी शामिल हैं, जिन्हें तब तो सुधार दिया गया था, लेकिन सर्किट बोर्ड पर उन्हें मार्क नहीं किया गया। जिसके चलते 2 जून को उसी पैनल पर काम कर रहे स्टाफ को उसकी जानकारी नहीं लग सकी।

## गहलोत ने विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महान विचारक और आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर आज नमन किया।

इस अवसर पर श्री गहलोत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हर भारतवासी के दिल में जोश और निष्ठा की प्रेरणा बनकर सदा धड़कते रहेंगे।

इस मौके कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी उन्हें नमन किया और कहा कि सुविख्यात चिंतक एवं दार्शनिक, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के आदर्श जीवन एवं शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों का



सुविख्यात चिंतक एवं दार्शनिक, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के आदर्श जीवन एवं शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

मार्गदर्शन करती रहेंगी।

इस मौके विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियां ने भी स्वामी विवेकानंद को नमन किया। डा पूनियां ने कहा कि विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति का परचम लहराने वाले, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

## झांसी में हुए भीषण अग्निकांड में पांच लोगों की मौत, करोडों की संपत्ति नष्ट

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के सीपरी बाजार थानाक्षेत्र में दुकान में लगी आग ने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि इसकी चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गयी और करोड़ों की संपत्ति जल कर स्वाहा हो गयी।

लगभग 12 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार सुबह चार बजे खत्म हुआ। इस दौरान इस भीषण आग की चपेट में आकर पांच लोगों के मारे जाने की सूचना है। मृतकों में एक महिला रागिनी राजपूत (58) शामिल है बाकी मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पायी है।

अग्निकांड की सूचना मिलने पर सभी आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और दमकल की गाडियों ने आग पर काबू पाने का काम शुरू किया लेकिन आग तब तक काफी फैल चुकी थी। आग इतनी भयानक थी कि जालौन, ललितपुर, के साथ साथ मध्य प्रदेश के दतिया और ओरछा से आयी कुल 35 गाडियों को काम पर लगाया गया। स्थिति इतनी खराब हुई की प्रशासन को सेना की भी मदद लेनी पड़ी।

रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म होने के बाद एसएसपी ने पत्रकारों को बताया कि शुरूआत में सात लोगों को रेस्क्यू किया गया था जिसमें से एक महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इसके बाद चले पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन शवों को और निकाला गया है। महिला का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है जबकि अन्य की पहचान और पोस्टमार्टम की कार्रवाई आगे की जायेगी।

मौके पर मौजूद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक और फर्नीचर की दुकान में आग के कारणों का पता लगाना बेहद जरूरी है। डिप्टी कलेक्टर संजय मिश्रा को इस पूरे मामले की जांच सौंपी गयी है। वह विस्तार से जांच करेंगे कि किन कारणों से ऐसी आग लगी ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

उन्होंने पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पहली प्राथमिकता आग पर काबू पाने की थी। इस बीच जानकारी मिली कि कुछ लोग अंदर फंसे हैं तो उन्हें बाहर निकाला गया । आस पास की इमारतों को खाली कराया गया और रात में लोगों की रैनबसेरा में ठहरने की व्यवस्था की गयी। पीडितों को सरकार के नियमों के तहत जो संभव हो मदद दी जायेगी। पूरा प्रशासनिक अमला इस दौरान हर तरह से लोगों की मदद में जुटा रहा और आगे भी जो जरूरी होगा वह अवश्य किया जायेगा।

## गर्मी से ज्यादा उमस कर रही परेशान, दिल्ली-यूपी समेत इन राज्यों में कब से राहत; मौसम विभाग ने बताया

**नई दिल्ली।** बीते कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और यूपी समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी और उससे भी ज्यादा उमस से लोग परेशान हैं। ऐसे मौसम में हर किसी को बारिश का इंतजार है, लेकिन यूपी, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में छिटपुट बारिश ही हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरी खबर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में 4 जुलाई को भी पहले की तरह ही गर्मी और उमस का मौसम रहेगा। लेकिन 5 तारीख यानी बुधवार से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में अच्छी बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में भी गिरावट आएगी।

**गोवा का है प्लान? मौसम का भी रखें ध्यान; 5 दिन होगी मूसलाधार बारिश**

इसके अलावा यूपी में भी अगले कुछ दिन राहत भरे हो सकते हैं। मंगलवार सुबह ही लखनऊ समेत कई जिलों में हल्की बारिश हुई है। यही नहीं गुरुवार तक पूर्वी यूपी के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा पश्चिम यूपी और बुंदेलखंड में भी हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि ज्यादातर जगहों पर छिटपुट बारिश के साथ गर्मी का ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक



मॉनसून की ट्रफ लाइन फिलहाल पूर्वी उत्तर प्रदेश में सक्रिय है। इससे हवा का कम दबाव वाला क्षेत्र बन रहा है, जिसकी वजह से दो दिनों तक भारी बारिश के लिए चेतावनी जारी की गई है।

**यूपी के इन जिलों में होगी झमाझम बारिश, उत्तराखंड में 5 दिन अलर्ट**

इसके अलावा बुधवार को लखनऊ और आसपास के जिलों में भी मध्यम से भारी बारिश के लिए अलर्ट जारी किया गया है। यही नहीं मंगलवार को भी लखनऊ समेत कुशीनगर, रायबरेली, अमेठी, महाराजगंज, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बस्ती, अंबेडकर नगर, आजमगढ़ और गोंडा जैसे जिलों में गरज के साथ मध्यम बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले 5 दिनों तक अच्छी बारिश की उम्मीद जताई है। इसके अलावा यूपी में 5 जुलाई तक अच्छी बारिश हो सकती है।

**पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में भी अच्छी बारिश के आसार**

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भी अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल में अगले 5 दिनों में अच्छी बारिश होगी, जिससे तापमान में बड़ी गिरावट आने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में भी अगले 5 दिन अच्छी बारिश होगी। हालांकि देश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम में कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा। ज्यादातर इलाकों में फिलहाल उमस के साथ गर्मी बनी रहेगी।

## नेपाल और बिहार में हो रही बारिश से नादियां उफान पर, बाढ़ का खतरा बढ़ा


पटना । नेपाल के तराई क्षेत्रों सहित बिहार के कई इलाकों में हो रही बारिश के कारण राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। नदियों के उफान पर आने के कारण कई इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, मंगलवार सुबह छह बजे कोसी नदी का वीरपुर बराज पर जलस्तर 89,145 क्यूसेक था। जबकि, 10 बजे सुबह 1,02,765 क्यूसेक पहुंच गया। गंडक नदी का वाल्मीकि नगर बराज पर जलस्तर 83,900 क्यूसेक है, जो स्थिर बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के अधिकांश इलाकों में बारिश का अनुमान है। बिहार में हो रही बारिश और नेपाल से आ रहे पानी के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। राज्य की प्रमुख नदियां गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, बागमती उफान पर हैं। लेकिन, ये अभी भी खतरे के निशान से नीचे हैं। आशंका है कि नेपाल और बिहार में लगातार बारिश हुई तब कई नदियां खतरे के निशान को पार कर जाएगी। जल संसाधन विभाग का दावा है कि तटबंधों पर लगातार निगरानी की जा रही है। विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने भी दो दिन पहले कई इलाकों में जाकर तटबंधों का निरीक्षण किया था। झा ने दो दिन पहले दरभंगा बागमती नदी के बाएं तट पर एकमी घाट से सिरनिया तक निर्मित 10.5 किमी लंबे तटबंध का निरीक्षण किया तथा इसकी सुरक्षा एवं सुदृढ़ीकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। यह तटबंध बहादुरपुर, हनुमान नगर और हायाघाट प्रखंड के अधीन पड़ता है। इससे दरभंगा शहर के साथ-साथ उक्त तीनों प्रखंडों को बाढ़ से सुरक्षा मिलती है। तटबंध पर तीन एंटी फ्लड स्लूईस भी निर्मित हैं, जिससे शहर में जमा बारिश के पानी की निकासी होती है। इसके अलावा बेनीपुर प्रखंड में सकरी शाखा नहर की बिंदु दूरी 140.00 के पास स्थल निरीक्षण किया।

## तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को मारी गोली, भाजपा पर लगाया आरोप

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर हिंसा होने की खबरें मिल रही हैं। यहां तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली लगी है जिससे वह घायल हो गया है। गोली चालन में भाजपा कार्यकर्ता का हाथ बताया गया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण 24 परगना जिले में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के दौरे .के एक दिन बाद मंगलवार की सुबह से आगामी पंचायत चुनावों को लेकर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। ताजा खबर के मुताबिक, बसंती में गोलीबारी में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता खगेन भूटिया (55) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें स्थानीय प्राथमिक ब्लॉक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने इस घटना के लिए स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को दोषी ठहराया है, जिसे खारिज कर दिया गया है। घटना के बाद बसंती इलाके में तनाव और छिटपुट झड़पें शुरू हो गईं। हालांकि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की एक टुकड़ी वहां पहुंच गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज होने तक इलाके में तनाव व्याप्त था। उसी जिले के भांगर के माझेरहाट इलाके में सोमवार देर रात तृणमूल कांग्रेस और ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसडी) के कार्यकर्ताओं के बीच बड़े पैमाने पर झड़पें हुई। सूचना पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों के साथ पुलिस दल इलाके पर पहुंचा और स्थिति पर काबू पाया। स्थानीय एआईएसएफ नेतृत्व ने आरोप लगाया है कि पुलिस जानबूझकर उनके समर्थकों को ही गिरफ्तार कर एकतरफा कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है ?कि सोमवार दोपहर को ही राज्यपाल ने बसंती का दौरा किया और मारे गए तृणमूल कांग्रेस नेता जियारुल मोल्ला की बेटी मनोआरा पियादा से मुलाकात की, जिनकी कथित तौर पर उनकी ही पार्टी के सहयोगियों ने रविवार सुबह हत्या कर दी थी।

## भाईचारे के साथ आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग सिखाती है अमरनाथ यात्रा :सिन्हा

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि अमरनाथ यात्रा भाईचारे के साथ आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग भी सिखाती है। उन्होंने सोमवार को नुनवान और चंदनवारी आधार शिविरों का दौरा करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एलजी ने सभी संबंधित विभागों को भक्तों के लिए अमरनाथ यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त बनाने के लिए हरसंभव उपाय करने का निर्देश दिया। एलजी ने कहा अमरनाथ यात्रा ने पिछली कई शताब्दियों में हमारी समग्र संस्कृति में बहुत बड़ा योगदान दिया है। वार्षिक तीर्थयात्रा जम्मू-कश्मीर की अमूल्य संस्कृति और ऐतिहासिक परिवर्तन को प्रदर्शित करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करती है। एलजी मनोज सिन्हा ने आगे कहा कि वार्षिक तीर्थयात्रा विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों के लोगों को एक ही स्थान पर लाती है। यह न केवल मानव जाति के भाईचारे का प्रतीक है, बल्कि आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग भी दिखाता है और सभी को समानता, करुणा और मानवतावाद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उपराज्यपाल ने कहा कि दुनिया की निगाहें जम्मू-कश्मीर पर हैं, क्योंकि हम वार्षिक यात्रा का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत और यादगार अनुभव देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। एलजी ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन को सक्षम करने, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए कटऑफ समय पर प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर काम करने का आग्रह करते हुए निर्देश दिया।



## अनुच्छेद 370 को हटाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर होगी सुनवाई


नई दिल्ली । अनुच्छेद 370 को हटाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सीजेआई ने पांच जलों की संवैधानिक पीठ का गठन किया है। जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के करीब चार साल बाद प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ केंद्र सरकार के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर जारी एक नोटिस के अनुसार, पांच न्यायाधीशों की पीठ दिशानिर्देश पारित करने के लिए आईएएस अधिकारी शाह फैसल द्वारा दायर याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। सीजेआई द्वारा गठित संवैधानिक पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत भी शामिल हैं। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी फैसल अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में अव्वल आने वाले पहले कश्मीरी हैं। उन्हें संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया था। फैसल ने सेवा से इस्तीफा दे दिया था और जनवरी 2019 में एक राजनीतिक पार्टी 'जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट की शुरुआत की थी। सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था और पेशे से डॉक्टर फैसल को बाद में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय में तैनात किया गया था। फैसल ने अनुच्छेद 370 पर सरकार के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। अनुच्छेद-370 समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई थीं। फैसल ने पिछले साल अप्रैल में एक आवेदन दायर कर उन सात याचिकाकर्ताओं की सूची से अपना नाम हटाने का आग्रह किया था, जिन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने को चुनौती दी है।

## कावड़ यात्रा पर नजर रखने लगाए गए एक हजार सीसीटीवी कैमरे

नई दिल्ली । कावड़ यात्रा 4 जुलाई से शुरू हो गई है। हरिद्वार से कांवड़िए 10 अगस्त के बाद लौटने लगेंगे। नोएडा दिल्ली और हरियाणा को जोड़ता है। ऐसे में दिल्ली के ओखला, बदरपुर, सरिता विहार और हरियाणा के अधिकतर श्रद्धालु नोएडा होकर ही एनएच-9 होते हुए हरिद्वार जाएंगे और वापस आएंगे। इन सभी रूट की निगरानी इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। आईएसटीएमएस के तहत नोएडा में 1043 से ज्यादा कैमरे लगाए गए है। प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि नोएडा के सभी चौराहे और संवेदनशील मार्ग इन कैमरों की जद में है। अगर यातायात पुलिस की ओर से डिमांड की जाती है, तो जहां वे कहेंगे, वहां भी कैमरे लगा दिए जाएंगे। नोएडा में अधिकतम श्रद्धालु सेक्टर-14ए के शनि मंदिर में जल चढ़ाते हैं। यहां विशेष इंतजाम किए जाते है। इसलिए यहां एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया जाता है। हर साल की तरह यहां भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## राजस्थानः चुनावी बयानबाजी के बीच बोले किरोड़ी लाल मीणा,

# मुझे सभी कुवारों की लिस्ट दे दो, सबकी शादी करवा दूंगा



**कोलकाता (एजेंसी)।** राजस्थान में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। एक ओर जहां कांग्रेस लोक लुभावने वायदे कर रही है तो वहीं भाजपा भी जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए कई वादे कर रही है। तमाम बड़े नेता चुनावी प्रचार में जमीन पर उतरे हैं। इसी कड़ी में उनकी ओर से कुछ ऐसे बयान दिए जा रहे हैं, इस पर लगातार चर्चा हो रही। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा का एक बयान जबरदस्त तरीके से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपने बयान में किरोड़ी लाल मीणा ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जितने भी कुंवारे हैं उनकी सूची दो, मैं सभी की शादी कराऊंगा। फिलहाल किरोड़ी लाल मीणा के इस बयान को लेकर जबरदस्त चर्चा है।

### कुंवारों की मुझे लिस्ट दो

राजस्थान चुनाव को लेकर भाजपा के बड़े नेता लगातार ग्रामीण इलाकों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में किरोड़ी लाल मीणा करौली के मामचारी गांव पहुंचे थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं यहां एक स्पेशल अनाउंसमेंट करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जितने भी कुंवारे हैं, उन सब की लिस्ट मुझे दे दो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं सभी की शादी करा दूंगा। उन्होंने राजस्थान की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा किया है सब लोग लूटने में लगे हैं। जिसमें मंत्री के भाई, दामाद, बहनोई, बहन सब शामिल हैं। सब ने मिलकर लूट मचा रखी है।

### घोटाले का लगाया आरोप

अपने संबोधन में किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मैं यहां राजनीतिक बातें करने नहीं आया हूं। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में जितनी भी खाने चल रही हैं, उसमें कांग्रेस शासन में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 66000 करोड रुपए का घोटाला हुआ है। किरोड़ी लाल मीणा लगातार राजस्थान की सरकार पर घोटाले का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने कई बार राजस्थान के मंत्री पर भी निशाना साधा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह लूट ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी। भाजपा की सरकार आने वाली है।

## संकट में लालू कुनबा तेजस्वी, राबड़ी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में यह दूसरा आरोपपत्र है, इसमें 14 अन्य लोगों के भी नाम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल होने के बाद सामने आए दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में पहली बार तेजस्वी का नाम आरोपी के तौर पर शामिल हुआ है। आरोपियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अलावा आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी सहित संबंधित प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यादव परिवार के सदस्यों के अलावा, सीबीआई ने मामले में एके इफोसिस्टम्स और कई बिचौलियों को भी नामजद किया है। आरोपपत्र विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दूसरा आरोपपत्र इसकारण दाखिल किया, क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल होने तक आरोपियों की कथित भूमिका के संबंध में जांच पूरी नहीं हुई थी। इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने 'नौकरी के बदले जमीन' लेने संबंधी घोटाले से जुड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से तेजस्वी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल होने के बाद उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त किए जाने की मांग की है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 2004-2009 में संप्रग सरकार में लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान बिना किसी विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना के नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर पसंदीदा लोगों को रेलवे में नियुक्त किया गया। एजेंसी के मुताबिक, रेलवे में नौकरी के बदले में अभ्यर्थियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को बाजार भाव से काफी कम दरों पर जमीन बेची थी।

# प्रधानमंत्री मोदी हैं 'महंगाई मैन', सरकार कर रही मुनाफाखोरी: कांग्रेस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सब्जियों और कई खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'महंगाई मैन' हैं, जिनकी सरकार में देश की जनता महंगाई से बेहाल है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार से यह आग्रह भी किया कि वह जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए और डीजल की कीमत में कमी सुनिश्चित करे। वह संवाददाता सम्मेलन में सब्जी की टोकरी, बिस्किट, चाय, मूंगफली और चटनी के पैकेट लेकर पहुंची थीं। सुप्रिया ने दावा किया कि मोदी सरकार में जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी मौन हैं।

उन्होंने कहा, ''आटा, तेल, दाल, सब्ज़ी, फल सबकी क़ीमतें आसमान छू रही हैं। जनता त्रस्त है, साहेब मस्त हैं! हमने सुपर मैन देखा, स्पाइडर मैन देखा...अब महंगाई मैन को देख रहे हैं। वह जहां जाते हैं, वहां महंगाई बढ़ जाती है...इस 'महंगाई मैन' का नाम नरेन्द्र मोदी है।'' उन्होंने टमाटर के 150 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से बिकने और कुछ अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का उल्लेख किया। सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया, ''क्या ऐसा है कि सरकार कुछ नहीं कर सकती? बिलकुल ऐसा नहीं है।

कांग्रेस शासित राज्यों में सरकारों ने गैस के दाम घटाए, आर्थिक सहायता के लिए गरीबों के खातों में पैसे डाले। राजस्थान में हम 500 रुपये में गैस सिलेंडर दे रहे हैं, कर्नाटक में महिलाओं को मुफ़्त बस सेवा मिलने से उनके हाथों में अतिरिक्त बचत हो रही है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार तुरंत ज़रूरी चीज़ों के दाम को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाये। सब्ज़ी के बढ़ते दाम को कम करने के लिए डीजल की क़ीमत घटाये। सस्ते कच्चे तेल का फ़ायदा आम जनता तक पहुंचाये, मुनाफ़ाख़ोरी बंद करे। निर्मम कर वसूली बंद करे, आटा, दही जैसी चीज़ों से जीएसटी हटाये। महंगाई से प्रभावित सबसे गरीब तबक़े को आर्थिक सहायता पहुंचाई जाये।

## मोदी सरनेम मामले में झारखंड हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

रांची । मोदी सरनेम वाले लोगों पर टिप्पणी से जुड़े केस में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश देकर मामले की सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख तय की है। रांची की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस केस में संज्ञान लेकर राहुल गांधी को हाजिर होने का आदेश दिया था। इस कोर्ट ने राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के आग्रह की उनकी याचिका भी खारिज की थी। बीते 16 जून को कोर्ट ने राहुल गांधी को पंद्रह दिनों की मोहलत दी थी। इस बीच राहुल गांधी ने स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की, इसपर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाकर मुकदमे के शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी से जवाब मांगा है। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की।

## मध्यप्रदेश चुनाव कांग्रेस की स्टार प्रचारक रहेगी प्रियंका गांधी वाड्रा

### -जबलपुर के बाद ग्वालियर-चंबल का दौरा

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में साल 2023 के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से बड़ी भूमिका राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की रहने वाली है। इसके संकेत अभी से मिलने लगे हैं। वे महाकौशल का दौरा कर चुकी हैं, इसी माह उनके ग्वालियर चंबल आने की तैयारी है। राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मुख्य प्रचारक के तौर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सक्रिय थे और उन्होंने चुनाव लड़ने से लेकर जीतने के बाद कांग्रेस सरकार के रोड में को अंतिम रूप दिया था। अब इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में शुरुआती तौर पर राहुल गांधी के स्थान पर प्रियंका गांधी की सक्रियता ज्यादा नजर आ रही है।

बीते माह प्रियंका गांधी महाकौशल के जबलपुर से कांग्रेस के चुनाव प्रचार का शंखनाद कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की ओर से प्रदेशवासियों के लिए पांच गारंटी का भी भरोसा दिलाया था। एक ओर जहां राज्य कांग्रेस चुनाव की तैयारी में लगी है, वहीं राष्ट्रीय नेतृत्व भी राज्य में अपना दखल बढ़ा रहा है। बीते रोज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का भोपाल आना हुआ और उन्होंने चुनावी तैयारी को लेकर पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में चुनाव प्रचार की रणनीति पर भी मंथन किया गया।

कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि पार्टी राज्य में चुनाव पूरी ताकत और रणनीति के मुताबिक लड़ने की तैयारी में है और प्रचार अभियान को धारदार बनाया जा रहा है, इसकारण प्रियंका गांधी की राज्य में सक्रियता बढ़ रही है। संभवत 22 जुलाई को उनका ग्वालियर में प्रवास हो सकता है, इस दौरान रोड शो या जनसभा प्रस्तावित है। कांग्रेस के लिए ग्वालियर चंबल इसकारण महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां से नाता ज्योतिरादित्य सिंधिया का है जो कभी कांग्रेस में हुआ करते थे। पार्टी सूत्रों की माने तब शुरुआती तौर पर प्रियंका गांधी की राज्य में सक्रियता रहेगी और प्रचार की कमान भी लगभग उनके हाथ में रहेगी, साथ ही संभावना इस बात की भी है कि चुनाव के करीब आने पर ही राहुल गांधी की राज्य में सक्रियता बढ़ेगी।

कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोलकर कहा कि राज्य में 50 प्रतिशत की सरकार है, इसके बाद शिवराज कैसे ईमानदार हैं।

## पुराने भवन में ही होगी संसद के मानसून सत्र की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र पुराने संसद भवन से ही शुरू होगा। इसके बाद नए संसद भवन में शिफ्ट हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मीनाक्षी लेखी सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल हुईं थी। बैठक से निलकने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संसद का मानसून सत्र पुराने संसद भवन में ही आयोजित किया जाएगा। इसके बाद नए संसद भवन में चला जाएगा। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को ट्वीट कर बताया, संसद का मानसून सत्र, 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा, कि मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य काम-काज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। इस बार संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है क्योंकि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रमुख विपक्षी दलों ने नरेन्द्र मोदी नीत भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चेबंदी शुरू कर दी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समान नागरिक संहिता की वकालत करने के बाद कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई है। सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में होगी और बाद में नये संसद भवन में बैठक हो सकती हैं। आसन्न सत्र में केंद्र सरकार 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश की जगह लेने के लिए विधेयक ला सकती है जो सेवा मामलों में दिल्ली सरकार को विधायी एवं प्रशासनिक नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी कर देगा।

## पूर्वोत्तर राज्यों सहित आदिवासी समूहों को यूसीसी से बाहर रखा जा सकता है : सुशील मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कुछ हिस्सों में आदिवासी समूहों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखने पर विचार हो सकता है। भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने अपनी अध्यक्षता वाली कानून व न्याय संबंधित संसदीय समिति की बैठक में इसका विचार रखा। बैठक में यूसीसी के स्वरूप को लेकर शुरूआती चर्चा करते हुए उनकी राय ली गई। बैठक में विभिन्न दलों के 17 सांसद एवं विधि आयोग के सदस्य शामिल थे। सबकी राय के आधार पर रिपोर्ट तैयार होगी, जिसे संसद में पेश किया जाएगा।

विधि आयोग के प्रतिनिधियों ने बताया कि अब तक यूसीसी पर 19 लाख सुझाव मिल चुके हैं। अंतिम तिथि 13 जुलाई तक यह संख्या लगभग 25 लाख तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सुशील मोदी ने अपने सुझाव में पूर्वोत्तर एवं अन्य आदिवासी क्षेत्रों को प्रस्तावित यूसीसी के दायरे से अलग रखने की बात कर कहा कि सभी कानूनों में अपवाद होते हैं। देश में पहले से भी कई कानून हैं, जिसमें उन्हें कुछ रियायत मिली हुई है।

कई कानून हैं, जो कि पूर्वोत्तर राज्यों में सहमति के बिना वहां लागू नहीं होते है। बैठक में तृणमूल कांग्रेस का कोई सदस्य नहीं आया, जबकि कांग्रेस एवं डीएमके सहित विपक्ष के कुछ सदस्यों ने प्रस्तावित यूसीसी को चुनावी फायदे के लिए बताकर कहा कि इस विवादित विषय पर विमर्श का अभी यह उचित समय नहीं है। बसपा एवं शिवसेना उद्धव गुट ने यूसीसी का समर्थन किया।

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भी विरोध नहीं किया, लेकिन समर्थन भी नहीं किया। शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि कई देशों में यह कानून है। विभिन्न समुदायों एवं क्षेत्रों की व्यापक चिंता एवं विमर्श के बाद ही इसपर विचार किया जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा एवं डीएमके सांसद पी विल्सन ने अपने लिखित बयान में यूसीसी पर सुझाव आमंत्रित करने के लिए विधि आयोग के कदम पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पिछले आयोग ने यूसीसी को जरूरी नहीं बताया था।

यूसीसी पर बने पिछले आयोग को 75 हजार सुझाव मिले थे, जिसके आधार पर रिपोर्ट तैयार भी कर ली गई थी। उसमें कई तरह की विसंगतियों का जिक्र था, जिसके बाद महसूस किया गया कि यूसीसी पर नए तरीके से विचार करे। अब नए सुझावों के आधार पर विधि आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार कर मोदी सरकार के पास अनुशंसा करेगा, जिसे कानून का रूप देने के लिए संसद में पेश किया जाएगा। इसके पहले जरूरत पड़ी तब संसदीय समिति की और बैठकें भी हो सकती हैं।

# अजित पवार को जो उपमुख्यमंत्री बनाता है, उस मुख्यमंत्री की सत्ता चली जाती है



### - चौथी बार डिप्टी सीएम बने अजीत पवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राकापा से बगावत कर अजित पवार ने एक बार फिर महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। जब भी अजित पवार उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हैं। उसके बाद मुख्यमंत्री की सत्ता चली जाती है। ऐसा एक बार नहीं 3 बार हो चुका है। अब वह चौथी बार उप मुख्यमंत्री बने हैं। राजनीतिक हलकों में यह कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कार्यकाल कुछ ही दिनों का बाकी रह गया है। एकनाथ शिंदे का मुख्यमंत्री पद छोड़ना लगभग तय हो गया है।

संविधान में वैसे तो डिप्टी सीएम की कोई पद नहीं है। इसके बाद भी डिप्टी सीएम का पद देकर मुख्यमंत्री अजीत पवार का ओहदा बढ़ाते हैं। अजित पवार अभी तक चार बार उप मुख्यमंत्री बन चुके हैं। एक बार वह सवा महीने के अंतराल में दो बार डिप्टी सीएम बने थे। उनके कार्यकाल में जो भी मुख्यमंत्री रहा है। वह बदकिस्मत साबित हुआ है। सबसे पहले उन्हें अशोक चाव्हाण ने अपना उपमुख्यमंत्री बनाया था। बाद में अशोक चाव्हाण को खुद मंत्री बनना पड़ा। उसके बाद पृथ्वीराज चव्हाण ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया था। आज पृथ्वीराज चव्हाण महाराष्ट्र की राजनीति में कहीं पर भी प्रभावी नहीं हैं। देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया था। उन्हें कुछ ही घंटों में मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उद्धव ठाकरे ने भी अजित पवार को अपना उपमुख्यमंत्री बनाया था। उन्हें भी बगावत के कारण मुख्यमंत्री पद खोना पड़ा। अब वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री बने हैं। अजित पवार के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद, अब यह कयास लगाए जा रहे हैं, कि जल्द ही एकनाथ शिंदे का मुख्यमंत्री पद से उन्हें इस्तीफा देना तय है। इस तरह के संयोग बहुत कम ही होते हैं। अजित पवार के बारे में यह अभी तक यह सत्य साबित होता आ रहा है। जब भी वह उपमुख्यमंत्री बनते हैं उसके बाद मुख्यमंत्री को बीच में ही सत्ता छोड़कर जाना पड़ता है। महाराष्ट्र की राजनीति में अब एक नई उठापटक शुरू हो गई है। भविष्य को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति अभी तक के सबसे अनिश्चित दौर में चली गई है। आने वाले दिनों में महाराष्ट्र कुछ भी हो सकता है।

## इमरान को फंसने रातोंरात सख्त कर दिया कानून

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की शाहबाज सरकार ने पूर्व पीएम इमरान खान पर शि?कंजा कसना और तेज कर दि?या है। भ्रष्टाचार के एक मामले में मंगलवार को देश की शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी के सामने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पेशी थी। लेकिन इसके कुछ घंटे पहले ही पाकिस्तान सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में रातोंरात बदलाव कर उन्हें और अधिक सख्त बना दिया है। जियारत के लिए गए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की अनुपस्थिति में उनका कामकाज देख रहे सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को जांच अवधि के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने और एनएबी अदालत को भी किसी संदिग्ध को गिरफ्तारी के बाद पहले के 15 दिनों के बजाय अब 30 दिनों की हिरासत में भेजने के प्रावधान की अनुमति का अधिकार देने के लिए एक अध्यादेश जारी किया। प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर यह अध्यादेश जारी किया गया। संजरानी द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया कि सारांश के पैरा 6 में प्रधानमंत्री के सुझाव को अनुमोदित किया जाता है। राष्ट्रीय जवाबदेही (संशोधन) अध्यादेश, 2023 पर हस्ताक्षर के साथ इस लागू कर दिया गया है। ये बदलाव आधी रात के आसपास और इमरान के एनएबी के सामने पेश होने से कुछ घंटे पहले किए गए थे। इमरान खान (70) अपनी पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर से इस्लामाबाद के लिए रवाना हुए क्योंकि दोनों को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में एनएबी के सामने पेश होना था।

## सदस्यता नहीं होने बावजूद यूक्रेन को नाटो में आमंत्रित करने का आह्वान

कीव । सदस्यता नहीं होने के बावजूद भी कीव को नाटो में आमंत्रित करने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडेन से कहा है। वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि कीव को अभी नाटो में आमंत्रित किया जाए, भले ही सदस्यता बाद में मिले। मीडिया से बात करते हुए, ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन नाटो में शामिल होगा या नहीं, इस बारे में बाइडेन ही निर्णय लेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि वह नाटो में हमारी सदस्यता का समर्थन करते हैं, लेकिन निमंत्रण अभी मिलना यूक्रेनी सैनिकों के मनोबल को ऊंचा करेगा। यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की बात उसके संविधान में निहित है और नाटो के साथ उसके संबंध 1990 के दशक की शुरुआत से है। गौरतलब है कि नाटो 11 और 12 जुलाई को लिथुआनिया में एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने वाला है जहां नेताओं द्वारा यूक्रेन की सदस्यता पर चर्चा करने की उम्मीद है। वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने बताया कि अभी वो वक्त है जिसमें यूक्रेन को न्योता मिले। उन्होंने कहा कि यह महसूस करना बहुत महत्वपूर्ण है कि आप वास्तव में भविष्य में सहयोगियों के साथ रहेंगे। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह यह बात जानते हैं कि युद्ध ख़त्म होने से पहले यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा। नाटो का कहना है कि क्षेत्रीय विवादों का निपटारा किए बिना किसी देश को नाटो में शामिल किया जाय या नहीं, ये देखना होगा।

## भारतीय दूतावास पर हमले की जमकर हो रही खिलाफत

सैन फ्रांसिस्को । अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हुए हमले की सोशल प्लेटफार्म ट्वीटर पर जमकर खिलाफत हो रही है। गौरतलब है कि खालिस्तानी समर्थकों द्वारा अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास में तोड़फोड और आगजनी की गई। इस घटना की सभी दूर सख्त निंदा की जा रही है। मामले को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तथा जम्मू कश्मीर के प्रभारी सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि कट्टरपंथी न केवल सरकार की संपत्ति को नष्ट कर रहे हैं बल्कि अमेरिका में मुख्यधारा के पंजाबी समुदाय के लिए बने पुलों को भी जला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास में आग लगाने की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। हम अमेरिकी सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं और इस आग मामले के संबंध में पुलिस को सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नून और जेएस धालीवाल की जांच करती है। ग्रेवाल ने कहा कि एसएफजे जो कि पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के समर्थक है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस एसएफपीडी और एफबीआई सैनफ्रांसिस्को को इस मामले की गहनता से जांच करनी चाहिए और दोषियों को पकड़कर सजा देनी चाहिए। वहीं अमेरिका स्थित पंजाब फाउंडेशन के संस्थापक सुखी चहल ने भी भारतीय दूतावास पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने भी ट्वीट कर कहा कि आगजनी एक जघन्य अपराध और जानबूझ कर की गई साजिश है। 1 जुलाई की रात में लगी आग सचमुच भयावह है। ये कट्टरपंथी तत्व न केवल सरकारी संपत्ति को नष्ट करते हैं बल्कि मुख्यधारा के पंजाबी समुदाय के लिए पुलों को भी जला देते हैं। हमें बार-बार होने वाली हिंसा की इन घटनाओं की कड़ी निंदा करनी चाहिए।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एआई के संभावित खतरों को लेकर बैठक करेगा

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संभावित खतरों पर पहली बार बैठक आयोजित करेगा। ब्रिटेन द्वारा आयोजित बैठक में एआई के स्वायत्त हथियारों में या परमाणु हथियारों के नियंत्रण आदि में संभावित इस्तेमाल और जोखिम पर चर्चा होगी। ब्रिटेन की राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि 18 जुलाई को होने वाली बैठक इस महीने परिषद की अध्यक्षता के दौरान प्रमुख मुद्दा रहेगी। इसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और कई एआई विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने पिछले माह कहा था, ''इन वैज्ञानिकों तथा विशेषज्ञों ने एआई को परमाणु युद्ध के खतरे के बराबर मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा बताकर दुनिया से इस दिशा में कार्रवाई करने का आह्वान किया है। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र की पहल तैयार करने के लिए सितंबर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक सलाहकार बोर्ड नियुक्त करने की योजना की घोषणा भी की थी। वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन चाहता है कि ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता हम सभी के लिए मौजूद विशाल अवसरों तथा जोखिमों दोनों के प्रबंधन के लिए एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करे। उन्होंने इस पर जोर दिया, ''इसके लिए वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के विकास कार्यक्रमों में मदद करने, मानवीय सहायता कार्यों में सुधार करने, शांति अभियानों में सहायता करने और 'डेटा' एकत्र करने तथा विश्लेषण करने सहित संघर्ष रोकने में सहायता करने की एआई की क्षमताओं का हवाला देकर कहा कि इससे होने वाले फायदे भी बहुत हैं।

## फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में चार की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार

फिलाडेल्फिया। अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में 'बुलेफप्रूफ जैकेट' पहने एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलियां चलायी जिसमें चार लोगों की मौत हुई और दो अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस आयुक्त डेनियल आउटलॉ ने बताया कि हताहत हुए सभी पुरुष हैं। संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ने 'बुलेटप्रूफ जैकेट' पहन रखी थी, उसके पास कई मैगजीन, एक 'एआर-टाइप राइफल', एक हैंडगन और एक पुलिस स्कैनर था। आउटलॉ ने कहा, ''अभी हमें बस इतना पता है कि यह व्यक्ति अपने घर से निकला और लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना से एक दिन पहले बाल्टीमोर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 28 अन्य लोग घायल हुए थे। आंकड़ों के अनुसार, फिलाडेल्फिया में गोलीबारी देश में इस साल सामूहिक गोलीबारी की 29वीं घटना है।

## स्वीमिंग पूल में नहाने से बच रहे लोग, पाकिस्तान में नेगलेरिया का खतरा

लाहौर । पाकिस्तान में लोग इन दिनों स्वीमिंग पूल में नहाने से डर रहे हैं। क्योंकि यहां एक नई बीमारी ने पैर पसार लिए हैं। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के लाहौर शहर में खतरनाक अमीबा नेगलेरिया का पहला मामला सामने आया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स ने लोगों को उन पूलों में तैरने से परहेज करने की चेतावनी दी है, जिनका ठीक से क्लोरीनीकरण नहीं किया गया है। लाहौर में नेगलेरिया के पहले मामले की पुष्टि एक निजी प्रयोगशाला ने की है। जानकारी के अनुसार नेगलेरिया के शिकार हुए 30 साल के एक मरीज को सर्विसेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। एक मी?डिया रिपोर्ट के मुताबिक सर्विसेज हॉस्पिटल के डॉ. एहतिशाम हक ने कहा कि मरीज में पिछले चार दिनों से सिरदर्द, बुखार समेत कई लक्षण थे।



बैंकाक में राजा महा विजारलोकर्ल के संसद के नये सत्र के उदघाटन से पहले मूव फारवर्ड लीडर पिटा लिमजारोरेट संसद सदस्यों के साथ नजर आये।

## कश्मीर पर नहीं मिल रहा किसी का साथ, बौखलाए बिलावल दे रहे ज्ञान

तोक्यो । जापान के आधिकारिक दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी कश्मीर पर दुनिया का साथ नहीं मिलने पर बौखला गए हैं। बिलावल ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। बिलावल ने कहा कि जब तक कश्मीर का विवाद सुलझ नहीं जाता, तब तक दक्षिण एशिया में शांति नहीं आएगी। उन्होंने हताशा जाहिर की कि दुनिया कश्मीर में भारत के कदम को लेकर चुप्पी साधे हुए है। बिलावल ने आरोप लगाया कि भारत धार्मिक उन्माद की गिरफ्त में है। बिलावल ने कहा, पाकिस्तान का मानना है कि जब तक जम्मू-कश्मीर विवाद का आपसी संवाद और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों के मुताबिक हल नहीं होता है, तब तक दक्षिण एशिया में शांति नहीं आ सकती है। कश्मीर में आतंकियों को भेजने वाले पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि वह एक हल के लिए तैयार हैं लेकिन दक्षिण एशिया में शांति के लिए उन्हें कोई भागीदार नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत बातचीत और कूटनीति के लिए कोई जगह ही नहीं दे रहा है। बिलावल की हताशा उस समय साफ दिखी, जब उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कश्मीर में भारत के उठाए कदमों पर निराशाजनक चु?पी साधे हुए है। बिलावल भुट्टो ने जापान के दुश्मन चीन की भी तोक्यो में तारीफ कर डाली। उन्होंने कहा कि चाइना-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर से पाकिस्तान में कई अवसर पैदा हुए हैं। उनका इशारा था कि जापान भी सीपीईसी से पैदा हुए अवसर का लाभ उठाए। भुट्टो ने कहा कि विकासशील देश गंभीर आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसके बाद उनके पास कोल्ड वॉर के समय के ब्लॉक पॉलिटिक्स के लिए समय नहीं है।

# 15 साल पहले गठबंधन में शामिल होने का किया था अनुरोध, अब जाकर एससीओ का पूर्ण सदस्य बना ईरान

**ओटावा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ईरान संगठन के नए सदस्य के रूप में शामिल होने जा रहा है और बेलारूस की एससीओ सदस्यता के लिए दायित्व ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का भी स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज ईरान एक नए सदस्य के रूप में एससीओ परिवार में शामिल होने जा रहा है। इसके लिए, मैं राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और ईरान के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही, हम बेलारूस के लिए दायित्व ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का स्वागत करते हैं।



ईरान ने मूल रूप से 15 साल पहले गठबंधन में शामिल होने का अनुरोध किया था। एससीओ प्रवेश की एक कठोर प्रक्रिया का पालन करता है। 2021 में ईरान के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि वे नौवें सदस्य के रूप में एससीओ में शामिल हो गए हैं। इस्लामिक गणराज्य ईरान शंघाई सहयोग संगठन का 9वां सदस्य बन गया है। ताजिक राजधानी दुशांबे में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 21वें शिखर सम्मेलन के अंत में संगठन के आठ मुख्य सदस्यों के नेताओं ने इस्लामी गणराज्य ईरान की सदस्यता को पर्यवेक्षक सदस्य से बदलने पर सहमति व्यक्त की। पूर्ण सदस्य और प्रासंगिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।

### पिछले 6 वर्षों में एससीओ में भारत के योगदान को किया रेखांकित, विश्व स्तर पर आतंकवाद के खात्मे को लेकर बात, पीएम मोदी के संबोधन का विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दिया ब्यौरा

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि आप सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी सुनी होगी। प्रधानमंत्री ने पिछले 6 वर्षों में एससीओ में भारत के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने क्षेत्र और विश्व स्तर पर आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। भारत ने आज शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की, बैठक में चीन, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने हिस्सा लिया।

# पुतिन ने यूक्रेन में उतारा अपना सबसे घातक हथियार

### -ओखोतनिक ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन के खिलाफ अपना सबसे खतरनाक हथियार उतार दिया हैं। इतना ही नहीं इस हथियार का किसी युद्ध में पहली बार इस्तेमाल हुआ। रूस ने इस हथियार के प्रोटोटाइप से ही यूक्रेन पर हमला कर दिया। इसका नाम है एस-70 ओखोतनिक हैवी स्टेल्थ ड्रोन है। इस ड्रोन को सुखोई और मिकोयान ने मिलकर डिजाइन किया है। इसकी पहली उड़ान 3 अगस्त 2019 को हुई थी। अगले साल रूस इस घातक ड्रोन को अपनी सेना में शामिल करेगा। यानी अभी ट्रायल चल रहा है। इसी ट्रायल के दौरान ही ओखोतनिक ड्रोन से यूक्रेन के सूमी इलाके में मौजूद मिलिट्री सुविधा पर हमला कराया गया। इसके सिर्फ दो प्रोटोटाइप ही हैं।

इस हैवी ड्रोन का विकास रूस ने इसलिए किया ताकि अमेरिका के स्काईबोर्ग प्रोग्राम को टक्कर दे सके। इस ड्रोन को रिमोट से चलाया जाता है। या फिर लोकेशन फीड कर दीजिए। ये जाएगा वहां पर बमबारी करके वापस आ जाएगा। इसका वजन करीब 20 टन है। विंगस्पैन 65 फीट है। फिलहाल इसकी अधिकतम गति 1000 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

एस-70 ओखोतनिक हैवी स्टेल्थ ड्रोन की रेंज 6 हजार किलोमीटर है। यानी शांति के दौरान इतनी लंबी उड़ान भर सकता है। लेकिन युद्ध के दौरान इसकी रेंज आधी होती है, क्योंकि इसमें हथियार लगाए जाते हैं। हथियारों के लिए इसमें दो इंटरनल पॉड बने हैं। जिसमें 2000 किलोग्राम के गाइडेड या अनगाइडेड हथियार लगाए जा सकते हैं। ये बम या मिसाइल या रॉकेट या तीनों का मिश्रण हो सकते हैं।

रूस की तैयारी है कि वहां अपने प्रोजेक्ट 23900 इवान रोगोव विमानवाहक युद्धपोत के लिए 4 ओखोतनिक ड्रोन बनाएगा। जो उस युद्धपोत पर तैनात रहने वाले हैं। ताकि किसी भी देश में निगरानी की जा सके या फिर स्ट्राइक मिशन किया जा सके।

# देशद्रोहियों से लड़ना और समाज को एकजुट करना था प्रिगोझिन का मिशन

### -जल्दी ही रूस लौटेंगे वैगनर चीफ, अपने हिंसक विद्रोह का किया बचाव


**मॉस्को (एजेंसी)।** पुतिन के खिलाफ बगावत पर उतारु हुए प्रिगोझिन ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हिंसक विद्रोह को देशद्रोहियों से लड़ने और समाज के एकजुट करने का नाम दिया है। जानकारी के अनुसार प्रिगोझिन जल्दी ही रूस लौटने वाले हैं। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ असफल विद्रोह और फिर बेलारूस में शरण, कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम से भरे हफ्ते के बाद आखिरकार वैगनर ग्रुप के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन ने अपनी बात कही है। अपने विद्रोह की असफलता के बाद से प्रिगोझिन चुप थे लेकिन अब उन्होंने अपने समर्थकों का धन्यवाद दिया है। बेलारूस में शरण लेने और हफ्ते भर की चुप्पी के बाद जब प्रिगोझिन बोले तो उन्होंने अपने हिंसक विद्रोह का बचाव किया और इसे मार्च टू जस्टिस बताया। उन्होंने कहा कि उनका मिशन देशद्रोहियों से लड़ना और समाज को एकजुट करना था। प्रिगोझिन ने रूस की जनता से वैगनर आर्मी के लिए खड़े होने की अपील की। अपने अनुरोध में उन्होंने कहा, हमें आपके समर्थन की पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है।

प्रिगोझिन ने अपने संदेश में उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में, मुझे यकीन है कि आप मोर्चे पर हमारी अगली जीत देखेंगे। प्रिगोझिन ने ये बातें टेलीग्राम पर पोस्ट किए एक 41 सेकेंड के वॉइस मैसेज में कहीं। जानकार बताते हैं कि 36 घंटे के सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व, दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा और मॉस्को के 200 किमी के भीतर अपने लड़ाकों को भेजने के बाद प्रिगोझिन रूस के सबसे बड़े दुश्मन बन चुके हैं। पुतिन ने उनके विद्रोह को पीठ में छुरा घोंपना बताया था और इसकी निंदा की थी।

हालांकि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने पुतिन और वैगनर चीफ के बीच समझौता कराया था जिसके तहत प्रिगोझिन और उनके लोग निर्वासन में चले गए थे। 26 जून को टेलीग्राम पर पोस्ट किए अपने आखिरी बयान में प्रिगोझिन ने कहा कि खून खराबे से बचने के लिए उन्होंने अपने लोगों को बेस पर वापस जाने का आदेश दिया है। उस समय वैगनर चीफ ने तख्तापलट की अटकलों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि विद्रोह का उद्देश्य सरकार को उखाड़ फेंकना नहीं था बल्कि वैगनर के विनाश को रोकने का प्रयास था।

# फ्रांस बढ़ रहा शांति की ओर, देश बचाने के लिए दंगाइयों से भिड़े आम लोग

**पेरिस (एजेंसी)।** पुलिस फायरिंग में 17 साल के नाहेल की मौत के बाद फ्रांस में फैली अशांति छह दिन बाद कम होती दिख रही है। सरकारों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पूरे फ्रांस में टाउन हॉलों में भीड़ जमा हुई। गृह मंत्रालय के अनुसार, रातभर में 157 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले 30 जून को हुई हिंसा के दौरान रात भर में 3880 लोगों को गिरफ्तार किया है। अपने देश को जलता देख फ्रांस के मूल निवासी सड़कों पर उतर आए हैं। अपने देश को बचाने के लिए फ्रांसिसी लोग शरणार्थियों और प्रवासियों से भिड़ गए हैं। फ्रांस के लोग दंगाईयों से अपने देश की रक्षा करना चाहते हैं।



सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हो रही है जिसमें देखा जा सकता है कि फ्रांस के लोग लाठी-डंडों के साथ दुकान लूट रहे दंगाईयों को पीट रहे हैं। आपको बता दें कि फ्रांस में दंगाईयों ने स्कूल जला दिए, बैंक लूट लिए और लाइब्रेरी में आग लगा दी। दंगाईयों ने आम लोगों के घरों में भी आग लगा दी और उनकी गाड़ियां भी फूंक डाली। बस इसी के बाद से फ्रांस की आम जनता का सब्र टूट गया। उन्होंने दंगाईयों से निपटने के लिए खुद ही सड़क पर उतरने का फैसला कर लिया।

गृह मंत्री गेराल्ड डमनिन ने बताया कि 45,000 पुलिस अधिकारियों को पूर्व फ्रेंच कॉलोनियों से जुड़े और कम आय वर्ग वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव को लेकर आक्रोश से निपटने के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए जाने वालों की औसत उम्र 17 साल है।

# चीन में घूमने फिरने वालों पर भी हो रही पीआरसी के तहत जेल

### -अमेरिका ने अपने नागरिकों को दी चेतावनी, जासूसीरोधी कानून के शिकंजे में न फंसें

**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिका ने अपने नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे चीन में घूमने फिरने न जाएं, क्योंकि मनमाने तरीके से चीन पीआरसी के तहत कार्रवाई करके लोगों को जेल भेज रहा है। यहां कानून को लागू करने, निकास प्रतिबंधों और गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने के जोखिम के मद्देनजर अमेरिका ने अपने नागरिकों को चीन की यात्रा पर पुनर्विचार करने का परामर्श जारी किया है। हालांकि किसी खास मामले का हवाला तो नहीं दिया गया लेकिन यह सलाह मई में जासूसी के आरोप में 78 वर्षीय अमेरिकी नागरिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद आई है। यह पिछले सप्ताह (चीन के) व्यापक विदेशी संबंध कानून के पारित होने के बाद आया है जो चीन के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ जवाबी कदम उठाने की धमकी देता है। गौरतलब है कि चीन ने हाल ही में व्यापक रूप से लिखित जासूसीरोधी एक कानून भी पारित किया है, जिसके तहत कार्यालयों पर छापे मारे गए हैं। इससे विदेशी व्यापार समुदाय में खलबली मची हुई है। इसके साथ ही विदेशी आलोचकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून भी बनाया गया है।

अमेरिकी के मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) सरकार कानून के तहत निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के बिना, मनमाने ढंग से स्थानीय कानूनों को लागू करती है, जिसमें अमेरिकी नागरिकों और अन्य देशों के नागरिकों पर निकास प्रतिबंध जारी करना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया, पीआरसी में यात्रा करने वाले या रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को अमेरिकी दूतावासीय सेवाओं तक पहुंच के बगैर या उनके कथित अपराध के बारे में जानकारी के बिना हिरासत में लिया जा सकता है। हालांकि शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि उन्होंने चीन में गलत तरीके से हिरासत में लिए गए तीन अमेरिकियों, काई ली, मार्क स्विडन और डेविड लिन के मामलों को उठाया और कहा कि उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयास के लिए बातचीत चल रही है।

# कुरान जलाने वाले स्वीडन के खिलाफ एकजुट हुए 57 मुस्लिम देश, कहा- बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**(एजेंसी)।** 28 जून की स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम के मस्जिद के सामने 37 साल के सलमान मोमिका ने कुरान में आग लगा दी। इस घटना की पूरी दुनिया में निंदा हुई। मुस्लिम देशों के सबसे बड़े संगठन आईओसी ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई और स्वीडन के खिलाफ इस बैठक में कड़ा एक्शन लेने की मांग की गई है। मामला बढ़ता देख स्वीडन की सरकार ने भी इस घटना की निंदा कर दी है। लेकिन स्वीडन की परेशानी इससे कम होती नजर नहीं आ रही है। मुस्लिम देश स्वीडन के पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं।

### स्वीडन की सरकार ने की निंदा

स्वीडिश विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये कृत्य स्वीडिश सरकार के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के आह्वान के बाद यह बयान आया। बयान में स्वीडिश विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि वे देश में प्रदर्शनों के दौरान लोगों द्वारा किए गए इस्लामोफोबिक कृत्यों के कारण मुसलमानों को होने वाले अपराध से अवगत हैं।

### मुस्लिम देशों के संगठन ने की बैठक

ओआईसी की बैठक में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, ईराक, ईरान, कुवैत समेत सभी मुस्लिम देशों ने स्वीडन को मजा चखाने की बात की है। मोरक्को ने तो विरोध जताते हुए अपने राजदूत को अनिश्चितकाल के लिए स्वीडन से वापस बुला लिया है। ईरान ने तो स्वीडन में अपने नए राजदूत को भेजने से इनकार कर दिया है। सऊदी अरब ने भी स्वीडन के राजदूत को तलब किया। इस पूरे मामले पर इराक का बयान भी सामने आया है। कुरान जलाने वाला शख्स इराक का ही रहने वाला था। इराक का कहना है कि वो कई साल पहले ही देश छोड़कर स्वीडन जाकर बस गया है।

### कुरान जलाने की मिली थी इजाजत

सलमान मोमिका ने अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कुरान जलाने की इजाजत मांगी और उसे मिल भी गई। कुरान जलाने की इजाजत देना स्वीडन को भारी पड़ गया। स्वीडन में रहने वाले इराकी सलवान मोमिका ने स्टॉकहोम की केंद्रीय मस्जिद के सामने मुस्लिम पाठ की एक प्रति में आग लगा दी। कुरान जलाया गया जब दुनिया भर के मुसलमानों ने मुस्लिम कैलेंडर के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद अल-अजहा का पहला दिन मनाया। ईद उल अजहा के दिन कुरान जलाने का वीडियो भी सामने आया है।



## संपादकीय

# जिन्दगी

जिन्दगी मे धूप है,तो घनी छांव भी तो है। गति के साथ -साथ मे ठहराव भी तो है। पर जो जानते है हर पल समभाव मे जीना उनके लिएजिन्दगी केवल वरदान ही तो है। रहेगा मन सदा प्रसन्न क्या- सब दु:ख दूर होने के बाद मन प्रसन्न होगा । नही पता पर यदि मन प्रसन्नरखे तो सब दु:ख दूर हो जायेंगे 7 यह बात हो सकती हैं । अपने स्वास्थ्य की पूर्ण सुख-साता में,स्नेह-विश्वास में हर अपेक्षा पर खरे उतरनेके जज़्बे में, जब मन से खुशी का दीप जलाता है तो वह सदा प्रसन्न रहता हैं। विषय दाता के भावों को समाहित करते हुए एक मंतव्य यहहै की किसी ने कहा की तुम सिर्फ अपने लिये जीओ । सिर्फ और सिर्फ अपना देखो । अपना देखोगे तो अच्छा रहेगा । ऐसी जिन्दगीजीना अच्छा रहेगा । दूसरा मंतव्य यह है की तुम सबका देखो व भला करते जाओ इससे जिन्दगी अच्छी होगी । इस तरह अलग - अलगकितने - कितने मंतव्य हो सकते है । विषय दाता व अन्य के चिन्तन से यह प्रश्न उभर सकता है की दो विपरीत बातें जिन्दगी पर किसकोसही माने ? प्रश्न जटिल जरुर है सुनकर लेकिन उतर इसका जिन्दगी पर मेरे दृष्ठिकोण से बहुत ही सरस है । पहले मंतव्य से की सिर्फअपना देखो इसमें मेरा चिन्तन यह है की आप अपना देखोगे प्रगति करोगे तो आप प्रगति कर अपना स्वयं का काम करोगे । आपके स्वयंका मकान होगा । आपके स्वयं का व्यापार होगा । आप कितनो को अपने यहाँ काम पर रखोगे । सरकार को उपार्जन से टैक्स दोगे ।इस तरह आपकी प्रगति व अपना सिर्फ देखोगे तो इससे जिन्दगी आपकी व साथ में राष्ट विकसित होगा । दूसरा मंतव्य से की तुमसबका भला करते जाओ जिससे आप अपना व सबका विकास करते रहोगे । राष्ट प्रगति करेगा । जिन्दगी कदम कदम पर नसीहतों कापिटारा है । कोई उसको लेने वाला चाहिए। पूरी जिन्दगी में तो वह पिटारा न जाने कितना सारा है। हर समय हमारे मन-भावों मे, तरंगोंके ज्वार-भाटे आते है। अब प्रश्न यह है की किस रूप मे,वो हमे प्रभावित कर पाते हैं? सोच सकारात्मक है तो ,जिन्दगी की हर सुबहसुहानी होगी अन्यथा ये अनमोल क्षण विषाद के अंधेरो की भेंट चढ़जाते है। चाहे किसी की खुशी का कारण न बन सको पर किसी के दर्दका मरहम जरूर बनकर देखना शायद उनकी दुआओं से आपके अपने घाव ही भर जाएँ । अत: जि़न्दगी को हमेशा एक फूल की तरहजीना चाहिए । जो खुशबू भी दूसरों को देता है और , और टूटता भी दूसरों के लिए ही है। ऐसा कोई जीव नहीं जिसके जीवन में समस्यान आएं।ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका हल न हो चिंता स्वयमेव एक महत्वपूर्ण समस्या है जिसका कोई हल नहीं । चिंतन समस्या काहल है। गुरुदेव महाप्रज्ञ की वाणी कि हम समस्याओं के साथ समझौता कर लें ।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

**मेष** — दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**वृषभ** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। व्यावसायिक तथा आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। धन लाभ की संभावना है। प्रियजन भेंट संभव।

**मिथुन** — पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। किसी मित्र या रिश्तेदार से मिलाप होगा। नेत्र विकार की संभावना है। अपनों से तनाव मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कर्क** — जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। खान पान में संयम रखें। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। वाणी की सौम्यता आपके लिए लाभदायी होगी।

**कन्या** — पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। नेत्र विकार की संभावना है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**तुला** — बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** — पारिवारिक जनों के साथ सुखद समय गुजरेगा। पिता या उच्चाधिकारी के कृपापात्र बनेंगे। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। विरोधियों का पराभव होगा। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**धनु** — व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर** — पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आशातीत सफलता मिलेगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कुम्भ** — जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। विरोधी परास्त होंगे। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मीन** — आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। वाणी की सौम्यता को बनाये रखना ही हितकर होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे।

# डाटा सुरक्षा पर गहन मंथन का वक्त

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

**साल 2017 में यह पता लगा था कि सरकार की ही 210 ऐसी वेबसाइट हैं, जिन पर लोगों का आधार से जुड़ा डाटा उपलब्ध है। बात उजागर होने पर ये सारी वेबसाइट पहले बंद की गईं और फिर उनसे आधार का डाटा हटाया गया। उसी साल अगस्त में बेंगलुरु से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया। उसने एक ऐसा स्मार्टफोन एप बनाया था, जो विभिन्न सरकारी वेबसाइट से आधार का डाटा चुरा सकता था।**



कुछ साल पहले हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी की राजनीतिक अर्थशास्त्री शोशाना ज्यूबॉफ ने एक किताब लिखी थी, द एज ऑफ सर्विलांस कैपिटलिज्म। इस पुस्तक में उन्होंने साइबर युग की अर्थसत्ता की एक नई व्याख्या दी थी। पूंजीवाद की ज्यादातर शुरुआती व्याख्याएं कहती हैं कि यह व्यवस्था मजदूरों का शोषण करके अपनी सत्ता का निर्माण करती है। इसे लेकर जो नैरेटिव तैयार हुआ था, वह आज भी जहां-तहां चलता है और उसने दूसरे विश्व-युद्ध के बाद की दुनिया की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया था। शोशाना का कहना है कि नए पूंजीवाद को श्रमिकों के शोषण की जरूरत नहीं है। वह लोगों के डाटा, यानी उनकी निजता को जमा करके अपनी नींव मजबूत करता है। हो सकता है कि इसमें किसी को श्रमिकों के शोषण जैसी क्रूरता न दिखाई दे, पर नए चलन ने बहुत से आधुनिक कारोबार को इतना मजबूत आधार दिया है, जितनी मजबूती क्लासिकल पूंजीवाद वाले दौर में भी किसी उद्यम को नहीं मिली थी।

इसका एक उदाहरण है गूगल, जो किसी वस्तु का उत्पादन किए बिना ही सिर्फ डाटा के कारोबार से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल हो गई। वैसे, यह बात शोशाना की किताब से पहले से कही जा रही है कि आधुनिक दुनिया में डाटा ही सबसे बड़ी पूंजी है। इस दौर में जो डाटापति है, उसके आगे बड़े-बड़े पूंजीपति भी पानी भरते हैं। पिछले सप्ताह कोविन वैक्सीन लगवाने वालों का डाटा लीक होने की जो खबर आई, उसे इसी संदर्भ में देखना होगा। यह ठीक है कि सरकार की ओर से इसका खंडन आ गया है। मगर हम इस खंडन को अगर सही भी मान लें, तब भी इस पर विश्वास करना थोड़ा कठिन है कि सरकारी तंत्र में जनता का डाटा या लोगों की निजता पूरी तरह सुरक्षित है। भारत ही नहीं, दुनिया भर में कहीं भी यही स्थिति है। अन्य देशों की तरह हमारे यहां भी डाटा लीक होने की खबरें इससे पहले भी आई हैं और कई मामलों में डाटा की चोरी साबित भी हुई है।

साल 2017 में यह पता लगा था कि सरकार की ही 210 ऐसी वेबसाइट हैं, जिन पर लोगों का आधार से जुड़ा डाटा उपलब्ध है। बात उजागर होने पर ये सारी वेबसाइट पहले बंद की गईं और फिर उनसे आधार का डाटा हटाया गया। उसी साल अगस्त में बेंगलुरु से एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया। उसने एक ऐसा स्मार्टफोन एप बनाया था, जो विभिन्न सरकारी वेबसाइट से आधार का डाटा चुरा सकता था। और यह तकनीक उसने एक एप से चलने वाली टैक्सी सेवा को बेच भी दी थी। वैसे, उसी महीने विकीलीक्स की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि आधार का सारा डाटाबेस अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पास पहुंच चुका है। डाटा लीक होने का सबसे दिलचस्प मामला है महेंद्र सिंह धौनी का। वह एक आधार सेवा केंद्र पर अपना आधार कार्ड बनाने गए। इस केंद्र ने अति-उत्साह में आधार बनवाते हुए धौनी की तस्वीर के साथ ही फॉर्म पर दर्ज उनकी सारी जानकारियों को ट्वीट कर दिया। इस ट्वीट को लाइक करने वालों में कुछ केंद्रीय मंत्री भी थे। वे सब इस बात से अनभिज्ञ थे कि इससे धौनी जैसी सेलेब्रिटी की बहुत सारी निजी जानकारियां सबके पास पहुंच रही हैं। बाद में जब उनकी पत्नी साक्षी धौनी ने गुस्से में ट्वीट किया कि इस देश में किसी की निजता बची भी है या नहीं, तब जाकर अधिकारियों को होश आया। इसके बाद उस ट्वीट तो डिलीट कर दिया गया, पर तब तक नुकसान हो चुका था।

शुरू में जब आधार की योजना बनी थी, तब इसके सीमित उपयोग बताए गए थे। मगर अब इसे बहुत ज्यादा विस्तार दे दिया गया है। आप आधार के बिना न तो पासपोर्ट बनवा सकते हैं और न ड्राइविंग लाइसेंस। पहले आयकर के लिए सिर्फ पैनकार्ड काफी होता था, पर अब इससे आधार को जोड़ना जरूरी बना दिया गया है। कोविड महामारी फैली, तो वैक्सीन लगवाने की एक जरूरी शर्त थी आधार कार्ड। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी इसी को आधार बना दिया गया है। इसी से मनरेगा की दिहाड़ी मिलती और मुफ्त राशन का कार्ड बनवाने के लिए भी इसी की जरूरत पड़ती है। अब बैंक खाता भी इसी से खुलता है और वेतन-पेंशन भी इसी से आती है। होटल वाले भी पहचान के तौर पर आधार ही मांगते हैं। रेलवे टीटी भी आधार देखकर ही यह तय करना चाहते हैं कि जिसके नाम से आरक्षण है, वही यात्री है कि नहीं?

एक देश एक चुनाव, एक देश एक राशनकार्ड जैसी बातें तो अभी महज राजनीतिक नारा हैं, लेकिन एक देश एक पहचान-पत्र को हकीकत में बदल दिया गया है। यह माना जाता है कि किसी भी तरह के डाटा को जितना विस्तार मिलेगा या जितनी जगह या जितने सर्वरों पर उसकी उपस्थिति दर्ज होगी, उसके लीक होने की आशंका भी उतनी ही ज्यादा होगी। सवाल यह नहीं है कि डाटा चोरी हुआ या नहीं, बात यह है कि इसका आवागमन इतने दरवाजों से हो रहा कि सेंधमारों के विकल्प बढ़ गए हैं। उस दौर में, जब डाटा ही संपत्ति है, उसके चोर भी बढ़ रहे हैं, जो चोरी की नित नई तकनीक भी विकसित कर रहे हैं। यह खतरा तकरीबन पूरी दुनिया में है, और हर दूसरे दिन डाटा लीक की खबरें कहीं न कहीं से आती ही हैं। इसीलिए कहा जाने लगा है कि सरकारों को अपने डाटा के चरणचिह्न, यानी 'फुटप्रिंट' कम और विकेंद्रित करने चाहिए। लेकिन हम न सिर्फ अपने फुटप्रिंट बढ़ा रहे हैं, बल्कि उनको और एकीकृत कर रहे हैं। आम लोगों के लिए नौकरशाही अब आधारशाही में बदलती जा रही है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने निजता को मूल अधिकार कहा है, लेकिन अगर यह अधिकार भंग होता है, तो क्षतिपूर्ति हासिल करने के प्रावधान हमारे यहां नहीं हैं। देश के डाटा सुरक्षा कानून में डाटा चोरी या उसका दुरुपयोग करने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों या व्यक्तियों को सजा देने का प्रावधान तो है, लेकिन अगर यह डाटा किसी सरकारी व्यवस्था की खामी या भ्रष्ट आचरण की वजह से लीक हुआ है, तो उनके लिए यह कानून उतना सख्त नहीं है। डाटा को लेकर गंभीर होने का वक्त आ गया है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जिंदगी में ज़हर घोलती दूषित हवाएं

ज्ञानेन्द्र रावत

आज समूची दुनिया वायु प्रदूषण की चपेट में है। महानगरों की बात छोड़िए छोटे शहर, कस्बे और गांव भी इसके चंगुल से अछूते नहीं। तेज अर्थव्यवस्था और विकास की गतिविधियों के चलते वायु प्रदूषण को थामना बेहद मुश्किल है। नेशनल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट (नीरी) के विशेषज्ञों की भी राय है कि तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के दौर में वायु प्रदूषण को पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। असल में यह स्थिति दुनिया में हर विकसित व विकासशील देश की है। ऐसे में हमें सचेत रहना होगा अन्यथा हालात बेकाबू हो सकते हैं। हर स्तर पर सतर्कता, निगरानी और जागरूकता जरूरी है। इस तरह बेलगाम वायु प्रदूषण पर थोड़ी मात्रा में ही सही, काबू पाया जा सकता है। हकीकत यह कि अब वायु प्रदूषण किसी खास दिन, महीने में ही नहीं बल्कि पूरे साल अपनी मौजूदगी दर्ज कराने लगा है। समूची दुनिया में वर्ष के करीब सत्तर फीसदी दिनों में लोगों को खतरनाक वायु प्रदूषण झेलना पड़ रहा है। इस प्रदूषण ने बड़े शहरों से भी आगे बढ़कर छोटे शहरों-कस्बों और गांवों तक को अपनी चपेट में ले लिया है। हालात की भयावहता का सबूत यह है कि लगभग हर कोई पीएम 2.5 वाले छोटे वायु प्रदूषण के कणों के सम्पर्क में है। यानी दुनिया में वायु प्रदूषण से कोई भी सुरक्षित नहीं है। एक्यूआई का कमोबेश हर जगह लगभग दो सौ के पार रहना भी इसका प्रमाण है।

आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इस तथ्य को प्रमाणित किया है। शोधकर्ताओं के अध्ययन प्रमुख यूमिंग गुओ ने इसका खुलासा करते हुए हैरानी जतायी कि दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देशों की तुलना में वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता अधिक है। यदि हाल के वर्षों का आंकड़ा देखें तो अकेले वर्ष 2019 में दुनिया में वायु प्रदूषण से मरने वालों की तादाद कम से कम 70 लाख है।

देखा जाये तो वायु प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख स्रोतों में एक बड़ा स्रोत पूरे साल रहने वाला वाहन प्रदूषण है। दूसरा धूल और कचरा जलाने से होने वाला प्रदूषण है जो बेहद खतरनाक व गंभीर है। बेशक इसे अधिकतर लोग गंभीर नहीं मानकर बिना किसी रोकथाम उपाय के भवन निर्माण और खुदाई जैसे कामों को अंजाम देते हैं। वे खुलेआम कचरा भी जलाते हैं। तीसरा स्रोत औद्योगिक प्रदूषण है। यूं भी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में दैनंदिन उद्योग लगने की बढ़ रही रफ्तार के साथ प्रदूषण कम हो पाने की उम्मीद ही बेमानी है। मौसम में बदलाव के साथ-साथ प्रदूषण के कारकों की हिस्सेदारी में भी काफी परिवर्तन आया है। सर्दियों की तुलना में गर्मियों के दौरान स्थानीय कारकों से ज्यादा प्रदूषण होता है। इसमें खुले में आग, कचरा, उपले, सूखे पत्ते और लकड़ी जलाने की भी अहम भूमिका है। गौरतलब है कि छोटे वायु कण जो 2.5 माइक्रोन या उससे कम चौड़ाई में होते हैं, वे मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वाधिक जहरीले वायु प्रदूषकों में से एक हैं। इनको पीएम 2.5 के रूप में जाना जाता है। ये हमारे फेफड़े तक आसानी से पहुंच जाते हैं और सांस लेने में परेशानी पैदा करते हैं। ये कई बीमारियों के कारण बनते हैं।



जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को विस्थापित तो कर ही रही हैं, वहीं इसके चलते बिगड़ता पर्यावरण स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। वायु प्रदूषण से अजन्मे बच्चे की सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है, वहीं हड्डियों का तेजी से क्षरण भी होता है और अल्जाइमर का खतरा भी बढ़ जाता है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ़ के मुताबिक, साल 2020 में बीस फीसदी नवजात बच्चों की मौत वायु प्रदूषण से हुई। हाल ही में डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ़ और मातृ नवजात शिशु तथा बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से जारी एक रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रभागों पर प्रकाश डाला गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, मीथेन और ब्लैक कार्बन से न सिर्फ हवा खराब हो रही है बल्कि इससे नवजातों की मौत के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। यह भी कि कम और मध्यम आय वाले देशों में वायु प्रदूषण से समय से पहले पैदा होने वाले 91 फीसदी शिशुओं की मौतें होती हैं। इनमें भारत शीर्ष पर है और उसके बाद पाकिस्तान, नाईजीरिया, चीन और इथियोपिया जैसे देश आते हैं।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी के नये शोधों के मुताबिक, हवा में नाइट्रिक आक्साइड जैसे प्रदूषकों का स्तर बढ़ने से रजोनिवृत्ति वाली महिलाओं में हड्डियों के क्षरण की गति तेज हो जाती है। कार और ट्रक जैसे वाहन तथा बिजली उत्पादन संयंत्र से निकलने वाला धुंआ इसके प्रमुख स्रोत हैं। चिंता का विषय यह है कि वायु प्रदूषण का जहर भारतीयों की जिंदगी औसतन चार वर्ष ग्यारह महीने तक कम कर रहा है। सीएसई की रिपोर्ट की मानें तो इससे तीस फीसदी भारतीयों की उम्र में एक से तीन साल, तकरीबन 25.7 फीसदी की उम्र में तीन से पांच साल, 21.2 फीसदी की उम्र में पांच से सात साल, 22 फीसदी की उम्र में सात साल से अधिक और 0.9 फीसदी की उम्र में एक साल से कम की कमी आ रही है। ऐसे में, हमें उन सभी उपायों पर तेजी से काम करना जरूरी है जिनसे प्रदूषण की बढ़ती दर कम की जा सके।

# राजनीति के महासंग्राम में सत्ता और विपक्ष के बीच धर्म और अधर्म की लड़ाई

(लेखक-सनत कुमार जैन)

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में इन दिनों महासंग्राम छिड़ गया है। पहले राजनीतिक दल विचारधारा के आधार पर संगठित होते थे। एक ही विचारधारा के समर्थक राजनीतिक दलों में शामिल होते थे। पिछले कुछ वर्षों में विचारधारा का स्थान अब सत्ता तक पहुंचने, सदन में बहुमत हासिल करने तक सीमित हो गया है। विचारधारा से राजनीतिक दलों का अब कोई संबंध नहीं रहा। 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ लोकसभा के चुनाव होने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। सत्ता पक्ष को बेदखल करने के लिए विपक्षी दलों ने एकता की मुहिम चलाई है। पिछले दिनों पटना में विपक्षी दलों की एक बैठक हुई। जिसमें सभी ने एकजुट होकर सत्ता के खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। विपक्षी दलों के एकजुट होने से शायद सत्तापक्ष चिंतित हुआ। कुछ दिनों पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आगमन हुआ। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचारी बताते हुये कहा था, कि यदि भ्रष्टाचार इनकी गारंटी है। तो मेरी भी गारंटी है, कि इन पर में कार्यवाही करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस घोषणा में उन्होंने एनसीपी के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कार्यवाही करने की गारंटी दी थी। एनसीपी के वहीं सारे नेता जिनके उपर प्रधानमंत्री ने आरोप लगाए थे। वह सभी भाजपा में शामिल हो गए। अजित पवार, जिनके ऊपर भारी भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोप थे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बन गए हैं। अन्य आरोपियों को महाराष्ट्र में मंत्री बना दिया गया। इसके बाद देश की राजनीति में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच महासंग्राम और तेज हो गया है। सीबीआई ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव उनकी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा वर्तमान में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ न्यायालय में सोमवार को चार्जशीट जमा कर दी है। जिस समय का यह आरोप है, उस समय तेजस्वी यादव नाबालिक थे। सीबीआई ने उन्हें भी अभियुक्त बनाया है। लालू परिवार पर 600 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। इस मामले में लालू यादव की लड़की मीसा भारती से भी पूछताछ हुई थी। ईडी ने यह मामला दर्ज किया है। पक्ष और विपक्ष के बीच में जिस तरह का महासंग्राम चुनाव को लेकर छिड़ गया है। उसमें सभी पक्ष इसे नैतिकता और धर्म के साथ जोड़कर अपना पक्ष जनता जनार्दन के सामने रख रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं में आपातकाल के 21 माह को सबसे खराब कार्यकाल का समय बताया जाता है। जब लोगों के मौलिक अधिकार खत्म हुए थे। न्यायपालिका एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं सरकार के इशारे पर काम करने विवश थी। विपक्षी दल, पिछले वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को अघोषित आपातकाल बताकर, लगातार मोदी सरकार का विरोध कर रहे हैं भारत की संवैधानिक संस्थाएं जिनमें न्यायपालिका, चुनाव आयोग, ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर लगातार विपक्ष सवाल खड़े कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दलबदल कराकर सरकार बनाने और बिगाड़ने का खेल सत्तापक्ष द्वारा किया जा रहा है। इससे चुनाव में मतदाता द्वारा जिस पार्टी की विचारधारा अथवा उसकी नीतियों पर मतदान किया था। उन जनप्रतिनियों ने दल - बदल करके मतदाताओं के विश्वास को तोड़ा है। पैसे के बल पर जनप्रतिनिधियों से दल -बदल कराकर सरकारें बनाई जा रही हैं। इसमें न्यायपालिका और जांच एजेंसियों की भूमिका को लेकर लगातार विपक्षी दल, इसे अघोषित आपातकाल और राजतंत्र से जोड़कर लोकतंत्र खत्म होने की बात कर रहे हैं। नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर सरकार का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। यह आरोप भी विपक्ष लगा रहा है। 2024 का लोकसभा चुनाव सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए आरपार की लड़ाई के रुप में देखा जा रहा है। यदि विपक्षी चुनाव जीतकर सत्ता में आ गये, तो लोकतंत्र बचा रहेगा? सत्ता पक्ष पुन: आ जाएगा तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। इस तरह की बातें सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा कही जा रही है। अब देखना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व, राजनीति के धर्म और अधर्म का जो महासंग्राम होने जा रहा है। इसमें जनता जनार्दन की भूमिका क्या होगी। राजनीतिक दलों में अब विचारधारा का कोई महत्व नहीं रहा। सारी लड़ाई सत्ता में बने रहने और सदन में बहुमत साबित करने तक सीमित होकर रह गई है। जनतंत्र कायम रहेगा, या जनतंत्र का स्थान राजतंत्र लेगा। इसकी लड़ाई सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच होने जा रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर जो रणनीति पक्ष और विपक्ष द्वारा बनाई गई है। उस में कौन सफल होगा। इसके लिए सभी के मन में उत्सुकता दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है।



# फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में प्रियामणि

वेब सीरीज द फैमली मैन के बाद सर्वम शक्तिमय में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस प्रियामणि अपकमिंग फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में हैं। उनके फैंस उन्हें शाहरुख खान के साथ पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। प्रियामणि साउथ की वो एक्ट्रेस हैं, जो ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से तौबा करती हैं।

इस एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में नो किसिंग पॉलिसी कायम रखा है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है इसके पीछे की कई वजह हैं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया है। प्रियामणि ने न केवल साउथ बल्कि बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रियामणि ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से दूर रहती हैं। उन्होंने बाकायदा अपने कॉन्ट्रेक्ट में नो किसिंग क्लॉज एड किया हुआ है।

क्यों ऐसा उन्होंने किया आप भी जान लीजिए जवान एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर थे, जिनमें उन्हें इंटीमेट सीन करने की जरूरत थी। लेकिन उन्होंने इन ऑफर्स से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑनस्क्रीन गालों पर किस करने से ज्यादा कुछ भी करने से बचना उनकी निजी पसंद है। नो किसिंग पॉलिसी के बारे में प्रियामणि ने आगे कहा, मैं ऑनस्क्रीन किस नहीं करूंगी। इसके लिए मेरी तरफ से हमेशा ना हैट। उन्होंने कहा कि मैं ये अच्छे से जानती हूं कि ये सिर्फ एक रोल और मेरा काम है, लेकिन निजी तौर पर अगर कहूं तो, मुझे ऑनस्क्रीन किसी दूसरे आदमी को किस करना पड़े तो मैं बिलकुल सहज नहीं रहूंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शादीशुदा हूं और मुझे अपने पति के प्रति जवाबदेह होना होगा।

उन्होंने आगे कहा, मैं जानती हूं कि जब भी वो प्रोजेक्ट आउट होगा तो मेरी दोनों तरफ की फैमिली इसे देखेंगी। वो भी जानते हैं कि यह मेरा काम है, लेकिन मैं असहज महसूस नहीं करना चाहती। वो लोग देखकर सोचेंगे कि शादीशुदा होने के बावजूद हमारी बहू ये सब क्यों कर रही है? कोई और उसके ऊपर हाथ क्यों रख रहा है? वो लोग कुछ भी नहीं कहेंगे, पर यह मेरी पर्सनल चॉइस है। प्रियामणि ने 23 अगस्त 2017 में मुस्तफा राज के साथ शादी की है।



# रणवीर सिंह ने की एक मजेदार रील शेयर

फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के गाने पर एक्ट रणवीर सिंह ने एक मजेदार रील शेयर कर फैंस का दिन बन दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले रॉकी और रानी की प्रे कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज हुआ है। इस गा को लोगों ने काफी पसंद किया था। आलिया भट्ट ने भी गाने वे प्रमोशन के लिए इस पर एक रील बनाया था। वह समंदर वे किनारे इस गाने पर गुनगुनाती हुई नजर आई थीं। एक्ट्रेस रील के साथ कैप्शन में लिखा था, पहले पहाड़ों पर और अ बीच पर... हम तो गाते रहेंगे। ये काफी वायरल हुआ था। अ रणवीर सिंह ने आलिया भट्ट की तरह एक रील शेयर किया है बस फर्क वीएफएक्स का है। रणवीर ने मजे में कहा कि उनक आलिया की तरह बजट नहीं है, इसलिए उन्होंने वीएफएक्स वे जरिए समंदर के किनारे तुम क्या मिले गाने पर रील बनाया।

शॉर्ट हेयर और शर्ट-जींस में रणवीर बहुत हैंडसम लग रहे हैं वीडियो को शेयर करते हुए रणवीर ने कैप्शन में लिखा आलिया के रील जितना बजट नहीं था। उन्होंने आलिया को टै भी किया। गंगूबाई एक्ट्रेस ने रणवीर के वीडियो पर कमेंट क उन्हें लीजेंड बताया। साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रील रीशेयर कर हाहाहा लिखा है। रणवीर सिंह के इस वीडियो प लोगों ने मजेदार रिएक्शन दिया। किसी को रणवीर शॉर्ट हेय में हैंडसम लगे, तो वहीं कुछ लोगों ने कहा कि आदिपुरुष र बेहतर रणवीर के रील का वीएफएक्स है।

एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा, रणवीर सिंह भाई ये को तरीका है आदिपुरुष की वीएफएक्स टीम को ट्रोल करने का एक ने कहा, आदिपुरुष टीम अभी भी आपको सर्च कर रही है बता दें कि रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उम्दा कलाकार में होती है। शायद ही कोई सितारा है, जो उनकी एनर्जी से भर वाइब्स को मैच करता हो। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।

# वो हर बात पर अपनी नाक घुसाती है:आलिया

## -नवाजुद्दीन की पत्नी ने कंगना पर निकाली भडास




बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी ने कंगना पर जमकर भड़ास निकाली है हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आईं आलिया सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू में कंगना पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं उस पर ध्यान नहीं देती। क्योंकि मेरी नजरों में उनकी कोई वैल्यू नहीं है। मैं उन्हें तवज्जो नहीं देती, क्योंकि उसकी बात में दम तो होता नहीं है। वो हर जगह हर किसी से पंगे लेती रहती हैं। वो बस हर बात पर अपनी नाक घुसाती हैं। आलिया ने आगे कहा, 'कंगना के अलावा किसी और ने कुछ नहीं बोला, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' को सपोर्ट करना था। बेशक, वो प्रोड्यूसर हैं, उन्हें फिल्म बचाना है, तो वो आवाज उठाएगी ही, लेकिन वह हमेशा गलत चीजों पर आवाज उठाती हैं। ऐसे में मेरी नजर में उसकी कोई कीमत मेरी नहीं है। आपको याद दिला दें, कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उस वक्त सपोर्ट किया था, जब आलिया ने बंगले के गेट के बाहर खड़े एक्टर का वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में नवाजुद्दीन गेट के बाहर खड़े होकर आलिया से बात करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो में दोनों के बीच काफी बहस सुनने को मिली थी। नवाजुद्दीन को सपोर्ट करते हुए कंगना ने कहा था, 'जब नवाज जैसे बड़े स्टार को उनकी ही पत्नी ऐसे अपमानित कर रही है तो ये सब देखकर मुझे रोना आ रहा था। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी की शादीशुदा लाइफ काफी समय से उलझी हुई है। सोशल मीडिया पर आलिया और नवाजुद्दीन ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए थे। दोनों के मेटर में पिछले दिनों एक्ट्रेस कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को सपोर्ट किया था।



# बेटे और पति संग लंदन की सड़कों में दिखी सोनम

सोनम कपूर इन दिनों लंदन में फैमिली टाइम स्पेंड कर रही हैं, जहां से उन्होंने पति और बेटे संग बिताए खूबसूरत पलों की तस्वीरें अपने प्रशंसकों के साथ शेयर की हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को यूजर्स खूब पसंद भी कर रहे हैं। सोनम कपूर ने अपने इंस्टग्राम की स्टोरी पर यह तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि सोनम पति आनंद अहूजा और बेटे वायु के साथ लंदन के नोटिंग हिल्स में वॉक कर रही हैं। इस दौरान सोनम ने ब्लैक ओवरसाइज शर्ट और स्नीकर्स के साथ ट्रैक पैंट पहना है। वहीं आनंद टी-शर्ट और ट्रैक सूट में दिख रहे हैं। जबकि इनका लाडला को-ऑर्ड सेट पहने दिख रहा है। सोनम ने बेटे वायु को गोद में लिया हुआ है, जिस पर पापा आनंद खूब प्यार उड़ेल रहे हैं। कई तस्वीरों में आनंद अपने बेटे को कंधे पर उठाए घुमा रहे हैं।

# जेनिफर बोली कुक का प्रपोज करना रोमांचक क्षण था



एक्ट्रेस जेनिफर लॉरेंस ने कुक मैरोनी के प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा, भयानक, लेकिन बहुत, बहुत रोमांचक था। मैंने वह नहीं कहा जो मैं कहना चाहती थी। मैंने लाखों बार इसकी कल्पना की और फिर आखिर में बस यही कहा, क्या? क्या? क्या? और फिर कहा, धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद। जब कुक उन्हें प्रपोज किया, तो वह उनके लिए एक भयानक और रोमांचक क्षण था। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय लॉरेंस यूट्यूब सीरीज चिकन शॉप डेट के लेटेस्ट एपिसोड में बोल रहीं थी। लॉरेंस ने बताया, वह मेरे पूरे जीवन में अब तक के सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। लॉरेंस और मैरोनी ने फरवरी 2022 में अपने पहले बच्चे साइ का स्वागत किया। बता दें कि न्यूयॉर्क शहर में एक आर्ट-गैलरी निदेशक लॉरेंस और मैरोनी जून 2018 से रोमांटिक रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने फरवरी 2019 में सगाई की और उसी साल अक्टूबर में शादी के बंधन में बंध गए।

# अरशद अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में



आजकल एक्टर अरशद वारसी अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म जॉली एलएलबी 2 और बिग बॉस में रिप्लेस किए जाने पर बात की है। अरशद वारसी बिग बॉस के पहले होस्ट रहे हैं। उन्होंने पहला सीजन होस्ट किया था, लेकिन फिर वह रिप्लेस कर दिए गए। इसके बाद बिग बॉस को शिल्पा शेट्टी, अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसे सितारों ने होस्ट किया। पिछले एक दशक से होस्टिंग की कुर्सी पर सलमान खान का दबदबा है। अरशद ने कहा- मैं बिग बॉस का अगला सीजन नहीं कर सका, क्योंकि मुझे एक शूट के लिए लंदन जाना था, लेकिन मेरा मानना है कि सलमान खान इस शो में सबसे अच्छे हैं। उस काम को सलमान से बेहतर कोई नहीं कर सकता था।

रियलिटी शो को चाहिए सलमान जैसा कोई दबंग।अरशद वारसी ने जॉली एलएलबी में काम किया था, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। जॉली एलएलबी 3 का एलान हो गया है और इस बार अक्षय के साथ अरशद भी दिखाई देंगे। उन्होंने कहा- जॉली एलएलबी 3 बन रहा है और आप मेरे साथ अक्षय कुमार को भी देखेंगे। यह ऑरिजिनल प्लान था। मैं पहली फिल्म में दिखाई दिया था और उन्होंने दूसरा किया था।

अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है कि फिल्म हलचल में उन्होंने दिल से काम नहीं किया था। उनका कहना था कि वह फिल्म को सिर्फ अपनी एक जॉब मानकर कर रहे थे, लेकिन वह दिल से खुश नहीं थे। कुछ समय पहले ही जियो सिनेमा पर असुर 2 स्ट्रीम हो रही है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। थ्रिलर सीरीज में अरशद के साथ बरुण सोबती और रिद्धि डोगरा भी लीड रोल में हैं। बता दें कि अरशद वारसी अपनी उम्दा एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। कॉमिक टाइमिंग हो या फिर सीरियस रोल, अरशद अपने हर किरदार को बहुत ही संजीदगी से निभाते हैं।




## तकनीकी समस्या के कारण इंडिगो ने रद्द की थी उड़ान

**मुंबई ।** विमानन कंपनी इंडिगो ने कहा कि बोइंग विमान में तकनीकी समस्या के कारण उसने रविवार को इस्तांबुल से मुंबई जाने वाली उड़ान रद्द कर दी। इंडिगो ने बताया कि विमान उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण कंपनी ने सोमवार को मुंबई से इस्तांबुल के बीच निर्धारित उड़ान को भी रद्द कर दिया। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 777 विमान में ईंधन असंतुलन की कुछ समस्या उत्पन्न हो गई थी। इस्तांबुल से मुंबई की उड़ान रद्द होने के बाद कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया मंच पर असुविधा की शिकायत की। हालांकि, दोनों उड़ानों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या के बारे में पता नहीं चल पाया है। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि दो और तीन जुलाई को मुंबई-इस्तांबुल मार्ग पर उड़ान भरने वाली उड़ान संख्या 6ई18 को तकनीकी समस्या के कारण रद्द कर दिया गया। यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों की पेशकश की गई। आवश्यक जांच और मरम्मत के बाद विमान फिर से परिचालन में आ गया।

## देश के कुछ शहरों में बढ़ी पेट्रोल-डीजल की कीमत

**- ब्रेंट क्रूड 0.22 डॉलर की बढ़त के साथ 74.87 डॉलर प्रति बैरल पर**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की बढ़त देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.26 डॉलर बढ़कर 70.05 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.22 डॉलर की बढ़त के साथ 74.87 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। मंगलवार को राजस्थान में पेट्रोल 81 पैसे और डीजल 73 पैसे महंगा हुआ है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कीमत में 43 पैसे का इजाफा हुआ है। हिमाचल, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल के दाम में करीब 30 पैसे का उछाल दिख रहा है। पंजाब में पेट्रोल और डीजल 19 पैसे महंगा हो गया है। महानगरों में फ्यूल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.42 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.51 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्‍ लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## रॉयल एनफील्ड की बिक्री में 26 प्रतिशत की बढ़त

**-कंपनी ने किया जून महीने की बिक्री का ऐलान**

**नई दिल्ली ।** महंगी बाइक्स बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने जून 2023 में कुल 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल की है। कंपनी ने बीते मही ने जून की बिक्री का ऐलान किया है। रॉयल एनफील्ड जून 2023 में 77,109 यूनिट्स की बिक्री की और जून 2022 में 61,407 यूनिट्स की बिक्री की गई। घरेलू बिक्री में पहले 50,265 यूनिट और अब 67,495 यूनिट सेल की गई, जिसके चलते 34 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जून 2023 के महीने के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा- रॉयल एनफील्ड में यह हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि हम ऐसे प्रोडक्ट और अनुभव बनाएं, जो हमें उत्साहित करें। कस्टमर्स और हमारा हालिया प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि हम यह अच्छा करने में सक्षम हैं।मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने वित्त वर्ष 24 में अपनी शानदार ग्रोथ मोमेंटम जारी रखा और पहली तिमाही के लिए अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। जून 2023 में 9614 मोटरसाइकिल को एक्सपोर्ट किया गया। वहीं जून 2022 में 11,142 बाइक को एक्सपोर्ट किया गया था। एक्सपोर्ट में इस बार 14 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

# शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ

### सेंसेक्स 65 हजार , निफ़्टी 19 हजार से ऊपर पहुंचा

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी रिकार्ड तेजी पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बैकिंग ओर आईटी शेयरों में भारी खरीददारी से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 274 अंक करीब 0.42 फीसदी ऊपर आकर 65,479.05 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 65,672.97 अंक तक भी पहुंच गया था। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ़्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा। निफ़्टी 66.45 अंक तकरीबन 0.34 फीसदी बढ़कर 19,389 अंक पर पहुंच गया। यह इसका अब तक का सबसे अधिक स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 7.17 फीसदी ऊपर आया। इसके साथ ही बजाज फिनसर्व के शेयरों में 5.76 फीसदी की बढ़त आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, सनफार्मा, एनटीपीसी, टाइटन, विप्रो, टीसीएस, कोटक बैंक, इनफ़ोसिस, आईटीसी, एचसीएलटेक, एचडीएफ़सी बैंक के शेयर भी लाभ के साथ ही उछले हैं। वहीं भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट रही। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने गत दिवस 1,995.92 करोड़ रुपये के शेयर ख़रीदे थे, उससे भी बाजार में तेजी आई। एफपीआई ने जून माह में ही भारतीय शेयर बाजार में 47,148 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह पिछले 10 माह में सबसे अधिक निवेश है। इससे पहले आज सुबह खुलने के साथ ही बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई का सिलसिला बना रहा। मंगलवार को सेंसेक्स लगभग 300 अंकों की बढ़त के साथ खुला और पहली बार 65500 के स्तर के ऊपर निकल गया। फिलहाल सेंसेक्स 257.06 अंकों की बढ़त के साथ 65,462.11 अंकों पर कारोबार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 56.60 अंक बढ़कर 19,408.45 अंकों पर कारोबार कर रहा है।

## इफको 2,500 कृषि ड्रोन खरीदेगी, 5,000 ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण देगी

**नई दिल्ली:** देशभर में नैनो उर्वरकों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए अपने राष्ट्रीय अभियान के तहत अग्रणी सहकारी संस्था इफको 2,500 कृषि-ड्रोन खरीदेगी और 5,000 ग्रामीण उद्यमियों को इसका प्रशिक्षण देगी। इफको का यह राष्ट्रीय अभियान मंगलवार से शुरू हुआ है। इफको पहले ही अपने उत्पादों... नैनो यूरिया और नैनो डी-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के चरणबद्ध तरीके से छिड़काव को ड्रोन की खरीद के लिए समझौते पर हस्ताक्षर कर चुकी है। इफको ने बयान में कहा, ड्रोन के साथ-साथ सहकारी समिति किसानों के खेतों तक इसे ले जाने के लिए 2,500 इलेक्ट्रिक तिपहिया (लोडर टाइप) भी खरीदेगी। इफको ने कहा, ''नैनो उर्वरकों के छिड़काव के लिए उसके द्वारा खरीदे जा रहे कृषि-ड्रोन की तकनीकी विशिष्टताएं उद्योग मानकों के अनुरूप हैं। ऐसा अनुमान है कि एक कृषि ड्रोन प्रतिदिन 20 एकड़ क्षेत्र में इफको नैनो उर्वरक और अन्य कृषि रसायनों का छिड़काव करने में सक्षम होगा। देश की प्रमुख कृषि ड्रोन विनिर्माताओं में आयोटेकवर्ल्ड एविएशन, दक्ष अनमैन्ड सिस्टम, जनरल एयरोनॉटिक्स और पारस एयरोस्पेस शामिल हैं।

## तमिलनाडु सरकार राशन दुकानों से 60 रुपए किलो बेच रही टमाटर

**चेन्नई ।**




टमाटर की आसमान छूती कीमतों से लोगों को राहत देने के लिए तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को शहर की 82 उचित दर यानी राशन की दुकानों पर 60 रुपये प्रति किलो के भाव पर इसकी बिक्री शुरू की। सहकारिता मंत्री के आर पेरियाकरुप्पन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर इस पहल को राज्य के अन्य हिस्सों में भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम चेन्नई, कोयम्बटूर, सलेम, इरोड और वेल्लोर की पन्नई पसुमाई (फार्म फ्रेश) दुकानों पर टमाटर की बिक्री 60 रुपए किलो के भाव पर करने के अतिरिक्त है। सचिवालय में मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में राशन की दुकानों के जरिये टमाटर को उपलब्ध कराने का फैसला किया गया। बैठक में बताया गया कि पड़ोसी राज्यों से टमाटर की आपूर्ति में देरी के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। सहकारिता विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि एक परिवार को प्रतिदिन एक किलो टमाटर उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। पहले चरण में इसे उत्तर चेन्नई में 32 स्थानों और मध्य एवं दक्षिण चेन्नई में 25 उचित दर दुकानों पर बेचा जाएगा। एक सूत्र के अनुसार कोयमबेडु थोक बाजार में टमाटर का खुदरा भाव 110 रुपए प्रति किलो है जबकि शहर के कुछ हिस्सों में यह इससे भी ऊंची कीमत पर बिक रहा है। टमाटर के अलावा हरी मिर्च, लहसुन, धनिया और अदरक की कीमतें भी ऊंचाई पर हैं और इनके दाम 150 से 200 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुके हैं।

## लार्ज एंड मिड कैप फंड स्थिरता के साथ विविधीकरण प्रदान करते हैं: जितेंद्र संतलाल साल्वी, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर

जब महंगाई को मात देने और अपनी खरीदारी की शक्ति को कम नहीं होने देने की बात आती है तो इक्विटी निवेश एक सबसे आशाजनक वित्तीय निर्णय होता है। इक्विटी न केवल जीवन के विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता करती है बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि आने वाले वर्षों में पर्याप्त धन सृजन हो।

आम निवेशकों के लिए, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाएं धन सृजन के लिए सबसे उपयुक्त माध्यम हैं। वे विविधीकरण और परिसंपत्ति आवंटन के लिए निवेश की बुनियादी बातों का पालन करते हुए एक पेशेवर धन प्रबंधन दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि सभी निवेशक अपने पोर्टफोलियो की स्थिरता के साथ धन सृजन की इच्छा रखते हैं। लेकिन, इक्विटी की अस्थिर प्रकृति को देखते हुए, कभी-कभी स्थिर प्रदर्शन करना संभव नहीं हो पाता है। यहीं पर इक्विटी म्यूचुअल फंड अपनी कंपनियों का मिश्रण करने की क्षमता के साथ बेहतर स्थिरता जोड़ने में मदद करते हैं।

लार्ज और मिड-कैप फंड का विभिन्न सेक्टर्स के मार्केट लीडर्स में निवेश है। इसके साथ ही, वे मिड-कैप कंपनियों में निवेश करते हैं जो संभवत: कल के बड़े और स्थापित व्यवसाय बनने के लिए अपने विकास के चरण में हैं। अंतर्निहित प्रतिभूतियों का ऐसा सूक्ष्म मिश्रण एक योजना में विविधीकरण, स्थिरता और विकास लाता है। ये योजनाएं फंड के कोष का न्यूनतम 35त्न लार्ज और मिड-कैप में निवेश करती हैं। इसके अलावा, बाजार मूल्यांकन के अनुसार, लार्ज और मिडकैप योजनाओं के फंड मैनेजरों के पास कंपनियों के प्रत्येक समूह में अधिक आवंटन करने की सुविधा होती है।



आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड-कैप फंड का जिक्र यहां जरूरी है क्योंकि यह अपनी श्रेणी में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक है। इसने अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है और पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों के लिए मजबूत रिटर्न जनरेट किया है। यह योजना वर्तमान में उन शेयरों और क्षेत्रों में निवेश की जाती है जो शेयरों के चयन के लिए टॉप-डाउन और बॉटम-अप दृष्टिकोण के संयोजन के माध्यम से चुने गए आर्थिक सुधार से लाभान्वित हो सकते हैं।

जो निवेशक विविधीकरण और अपेक्षाकृत बेहतर स्थिरता चाहते हैं, वे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड कैप योजना पर विचार कर सकते हैं। बाजार में लघु से मध्यम अवधि की अनिश्चितता के बीच मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, एसआईपी के माध्यम से क्रमबद्ध और व्यवस्थित तरीके से निवेश करने की सिफारिश की जाती है। जिन निवेशकों के पास कम से कम 5 साल का लंबा कार्यकाल है, वे ऐसी योजना को अपने पोर्टफोलियो में शामिल कर सकते हैं।

## आईएफएम पैकेज मिलते ही कंगाल पाकिस्तान का शेयर मार्केट उछला

### -बेंचमार्क शेयर इंडेक्स में हुई 5.9 फीसदी की बढ़ोतरी, महंगाई में आएगी कमी

**नई दिल्ली ।**

आईएफएम पैकेज मिलते ही कंगाल पाकिस्तान का शेयर मार्केट 5.9 फीसदी उछल गया है। इससे यहां महंगाई में कमी देखी जा रही है। इस तरह से सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए बड़े दिनों बाद अच्छी खबर आई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पाकिस्तान का बेंचमार्क शेयर इंडेक्स 5.9 फीसदी उछल गया। यह इसकी 15 साल में एक दिन में सबसे बड़ी छलांग है। बता दें कि डिफॉल्ट होने के कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को आईएमएफ से तीन अरब डॉलर का शॉर्ट-टर्म पैकेज मिल गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को ही इस बारे में डील फाइनल हुई। इसके बाद सोमवार को पाकिस्तान के शेयर मार्केट में भारी तेजी दिखी। केएसई 100 इंडेक्स 2442.06 अंक की तेजी के साथ 43,894.7 अंक पर बंद हुआ। यह 24 जून, 2008 के बाद इसकी एक दिन में सबसे लंबी छलांग है। अगर यहां के पॉइंट टर्म की बात करें तो यह पाकिस्तान के स्टॉक एक्सचेंज के इतिहास में एक दिन की सबसे लंबी छलांग है। इतना ही नहीं पाकिस्तान में सात महीने में पहली बार महंगाई में भी नरमी आई है। जून में पाकिस्तान में महंगाई की दर 29.4 परसेंट रही जो मई में 38 परसेंट रही थी। खबर है कि कभी एशिया के सबसे बड़े रईस रहे चीन के अरबपति जैक मा ने हाल में गुपचुप तरीके से पाकिस्तान की यात्रा की थी। पाकिस्तान के मीडिया में आई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। पाकिस्तान के बोर्ड ऑफ इनवेस्टमेंट (बीओआई) के पूर्व चेयरमैन मुहम्मद अफजर अहसान ने मा के पाकिस्तान दौरे की पुष्टि करते हुए कहा कि वह 29 जून को लाहौर आए थे और 23 घंटे तक पाकिस्तान में रहे। इस दौरान मा ने सरकारी अधिकारियों और मीडिया के साथ मिलने से परहेज किया। वह एक प्राइवेट लोकेशन पर रहे और 30 जून को इस प्राइवेट जेट से निकल गए। मा के साथ सात कारोबारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया था। इनमें पांच चीन के, एक डेनमार्क का और एक अमेरिका का नागरिक था। इन सब के बावजूद पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बनने के रास्ते पर है। आईएमएफ के डेटा के मुताबिक अभी उसके कर्जदारों की लिस्ट में अर्जेंटीना पहले नंबर पर है। इस साउथ अमेरिकी देश पर आईएमएफ का 46 अरब डॉलर कर्ज है। दूसरे नंबर पर मिस्र है। इस पर आईएमएफ का 18 अरब डॉलर का कर्जा है। युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे यूक्रेन पर आईएमएफ का 12.2 अरब डॉलर कर्ज है। इसी तरह इक्वाडोर 8.2 अरब डॉलर के कर्ज के साथ चौथे नंबर पर है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आईडीएफसी का होगा विलय

**नई दिल्ली ।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल ने आईडीएफसी लिमिटेड के अपने साथ विलय को मंजूरी दे दी। इसके लिए शेयर एक्सचेंज रेश्यो भी फिक्स कर दिया गया है। आईडीएफसी लिमिटेड के शेयरधारकों को हर 100 शेयर पर बैंक में 155 शेयर अलॉट किए जाएंगे। विलय के बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरों की वैल्यू में 4.9 फीसदी का उछाल आएगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि आईडीएफसी एफएचसीएल, आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कॉरपोरेट ढांचे के सरलीकरण के मकसद से ऐसा किया जा रहा है। बैंक का कहना है कि इससे रेग्लुलेशंस के अनुपालन में भी आसानी होगी। गौरतलब है कि यह एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के विलय के बाद भारत में वित्तीय क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा मर्जर है। इस संबंध में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की ओर से कोई जानकारी नहीं मुहैया कराई गई है। हालांकि सोमवार को बाजार बंद होने तक दोनों कंपनियों के शेयरों की कीमत के हिसाब से देखा जाए तो इस डील की वैल्युएशन करीब 71767 करोड़ रुपए होगी। अभी इस विलय को भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, सेबी, एनसीएलटी व शेयर बाजारों समेत अन्य सभी नियामकीय संस्थानों से मंजूरी मिलना बाकी है। इसके अलावा दोनों ही कंपनियों के शेयरहोल्डर्स द्वारा भी इसे मंजूरी दिया जाना बाकी है।

## नहीं बिक पाई हेलिकॉप्टर सेवा प्रदाता कंपनी पवन हंस

### - सरकार ने कहा, अब बेचने का भी प्लान कैंसिल

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने हेलिकॉप्टर सेवा प्रदाता पवन हंस के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया सफल बोली लगाने वाले गठजोड़ में शामिल एक कंपनी के अयोग्य घोषित होने से निरस्त कर दी। यह तीसरा मौका है जब पवन हंस की रणनीतिक बिक्री की सरकार की कोशिश सफल नहीं हो पाई है। पवन हंस सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी का एक संयुक्त उद्यम है। इसमें सरकार के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि बाकी हिस्सा ओएनजीसी के पास है। सरकार ने पवन हंस में अपनी हिस्सेदारी के अलावा ओएनजीसी का हिस्सा भी बेचने के लिए दिसंबर, 2020 में रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। उनके आधार पर अप्रैल, 2022 में पवन हंस की समूची हिस्सेदारी की बिक्री स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड गठजोड़ को 211.40 करोड़ रुपए में करने का फैसला किया गया था। इस गठजोड़ में बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड, महाराजा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड और अल्मास ग्लोबल ऑपर्च्यूनिटी फंड एसपीसी शामिल हैं। हालांकि, मई में इस गठजोड़ की प्रमुख साझेदार अल्मास ग्लोबल ऑपर्च्यूनिटी के खिलाफ



राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में मामला विचाराधीन होने का तथ्य सामने आने के बाद इस बिक्री प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। विनिवेश प्रक्रिया की निगरानी करने वाले निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने कहा कि सरकार ने एनसीएलटी और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के प्रतिकूल आदेशों की पड़ताल की है। इसके बाद पवन हंस के लिए सफल रणनीतिक बोली लगाने वाली स्टार9 मोबिलिटी को विनिवेश प्रक्रिया के अयोग्य घोषित करने का फैसला किया गया है।

## भारत में 5जी के बाद 6जी की तैयारियां जोरों पर: अश्विनी वैष्णव

**मुंबई ।**

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में भारत 6जी अलयांस को लांच कर दिया है। इस दौरान संचार राज्य मंत्री देवूसिंह चौहान भी मौजूद थे। वैष्णव ने कहा कि 6जी विकास के साथ भारत हाई-स्पीड नेटवर्क की दुनिया में बड़ी ताकत के तौर पर उभरेगा। 6जी अलायंस के तहत उद्योग और अकादमी एक साथ सरकार के साथ मिलकर 6जी विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने की दिशा में काम करेंगे। उनका कहना है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से 5 जी अपनाने वाला देश बन चुका है और अब तक मात्र नौ महीने में 2.70 लाख से अधिक 5 जी टावर लगाये जा चुके हैं। प्रति मिनट एक टावर लग रहा है। मार्च में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6जी विजन डॉक्यूमेंट लांच किया था जिसमें 6जी विजन के तहत भारत को 6जी कनेक्टिविटी का वैश्विक अगुवाई कर्ता बनाना है। इसके जरिए न केवल इंडिया बल्कि दूसरे देशों में भी किफायती और तेज 6जी इंटरनेट उपलब्ध




कराना शामिल है। वैष्णव ने कहा कि भारत 6जी अलायंस, घरेलू उद्योग, अकेडमिक इंस्टीट्यूशन, नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूशंस और सरकार से सहायता प्राप्त स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशंस का गठबंधन है जो 6जी विजन डॉक्यूमेंट और आगे के डेवलपमेंट के हिसाब से अपने काम करने की रूपरेखा तैयार करेगा।

## पेट्रोल से महंगा टमाटर, 140 रुपए किलो



**नई दिल्ली ।**

बारिश की वजह से उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति में रुकावट आने से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में टमाटर की खुदरा कीमतें 140 रुपए किलो पहुंच गई हैं। एशिया की सबसे बड़ी थोक फल और सब्जी मंडी आजादपुर मंडी में टमाटर की थोक कीमतें सोमवार को गुणवत्ता के आधार पर 60-120 रुपए प्रति किलो के बीच थीं। रविवार को मदर डेयरी का सफल बिक्री केंद्र टमाटर 99 रुपए किलो बेच रहा था।

एक ऑनलाइन खुदरा विक्रेता सोमवार को टमाटर हाइब्रिड 140 रुपए किलो बेच रहा था। बिग बास्केट पर टमाटर का दाम 105-110 रुपए किलो था। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण पड़ोसी राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आई आपूर्ति जल्दी खत्म हो गई। अब हिमाचल प्रदेश दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एकमात्र आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा कि इस पहाड़ी राज्य में भी भारी बारिश हो रही है, जिससे तोड़ाई और परिवहन प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों को महाराष्ट्र और कर्नाटक के उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति नहीं मिल पा रही है, क्योंकि बारिश के कारण वहां कीमतें ऊंची चल रही हैं। एक व्यापारी का कहना है कि अगले 15 दिन में दक्षिणी राज्यों में बारिश की स्थिति में सुधार होने पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में टमाटर की आपूर्ति सुधरने की उम्मीद है। तब तक टमाटर के दाम ऊंचे बने रहेंगे। दिल्ली-एनसीआर ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी टमाटर की कीमतें आसमान छू गई हैं। सरकार का कहना है कि टमाटर की कीमत में वृद्धि मौसम की वजह से है। इस समय आमतौर पर कीमतें ऊंची होती हैं। अगले 15 दिन में टमाटर के दाम नीचे आ जाएंगे।

## विदेश में होटल बुकिंग पर टीसीएस कटौती की जिम्मेदारी बैंकों की होनी चाहिए: मेकमाईट्रिप

**नई दिल्ली ।**



ऑनलाइन यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने वाले पोर्टल मेकमाईट्रिप का मानना है कि यदि कोई व्यक्ति टूर ऑपरेटरों के पोर्टल से विदेश में होटल की बुकिंग करता है, तो उस पर टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) काटने की जिम्मेदारी बैंक की होनी चाहिए। मेकमाईट्रिप समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यदि ई-कॉमर्स पोर्टल से यात्रा के लिए पैकेज बुक किया जाता है, तो कंपनी अपने ग्राहकों से यह बताने को कहेगी कि क्या वित्त वर्ष के दौरान विदेश भेजी गई राशि सात लाख रुपए की सीमा से अधिक तो नहीं है। सरकार ने कहा है कि इस साल पहली अक्टूबर से किसी एक वित्त वर्ष में सात लाख रुपए तक के यात्रा पैकेज पर पांच प्रतिशत टीसीएस लगाया जाएगा। यह राशि इस सीमा से अधिक होने पर टीसीएस की दर 20 प्रतिशत होगी। अभी इस तरह के पैकेज पर टीसीएस की दर पांच प्रतिशत है, बेशक खर्च की गई राशि कितनी भी हो। विदेश यात्रा के खर्च पर टीसीएस संग्रह के दो पहलू हैं- एक जहां टूर पैकेज ई-कॉमर्स पोर्टल का उपयोग करके बुक किया जाता है और दूसरा जब ग्राहक एकल होटल बुकिंग करने के लिए पोर्टल का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स वेबसाइट से बुक किए गए यात्रा पैकेज के मामले में कंपनी ग्राहकों से एक वित्त वर्ष में अब तक भेजी गई कुल राशि का ब्योरा मांगेगी।

एकल होटल बुकिंग के मामले में अधिकृत डीलर बैंकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे इस बारे में ग्राहकों से घोषणा लें। सिंह ने कहा कि हम बैंकों से बात कर रहे हैं। बैंकों को इसके लिए अपनी स्वयं की सुविधा और बुनियादी ढांचे के साथ आना होगा। ऐसे में वे उपभोक्ताओं के 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) ब्योरे के आधार पर सूचना जुटा सकेंगे। हम बैंकों से कह रहे हैं कि वे अपनी ओर से इस बारे में अनुपालन करें।

## अश्विन को एशियाई खेलों के लिए कप्तान बनायें : कार्तिक

**मुम्बई ।** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि अगर आर अश्विन एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाते तो उन्हें एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया जाना चाहिए। बाबीसीसीआई के 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों को भेजने की बात सामने आने को देखते हुए अश्विन ने ये बातें कही हैं। एशियाई खेलों का कार्यक्रम एकदिवसीय विश्वकप से टकरायेगा। इसी को देखते हए बीसीसीआई अपनी बी टीम को एशियाई खेलों के लिए चीन भेज सकती है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन को इस टूर्नामेंट के लिए कप्तान बनाया जाएगा पर कार्तिक का मानना है कि चयनकर्ताओं को कप्तान की जिम्मेदारी अश्विन को देनी चाहिये। उन्होंने कहा, अश्विन अपनी गेंदबाजी की गुणवत्ता और अपने द्वारा लिए गए विकेटों की संख्या के मामले में सबसे आगे हैं। ऐसे में अगर भारत एक बी टीम भेज रहा है क्योंकि मुख्य टीम विश्व कप की तैयारी कर रही है तो ऐसे में अश्विन को कप्तान बनाया जाना चाहिए। मुझे वास्तव में लगता है कि वह इसके अधिकारी हैं और उन्होंने अपने अनुभव और प्रदर्शन से टीम का कप्तान बनने का अधिकार हासिल किया है। कार्तिक ने कहा, मैं चाहता हूं कि वे कम से कम एशियाई खेलों के लिए अश्विन को कप्तान बनाएं।

# बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल की गयी उमा

### टीम में जगह बनाने वाली पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली महिला खिलाड़ी बनी

**गुवाहाटी ।**

असम के गोलाघाट जिले की 20 साल की उमा छेत्री को इसी माह होने वाले बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। उमा भारतीय महिला टीम में प्रवेश करनी वाली पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली महिला खिलाड़ी हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए ट्विटर पर लिखा, '' असम में क्रिकेट एक शानदार नये अध्याय में प्रवेश कर गया है क्योंकि हम गर्व से भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में अपना पहला प्रतिनिधित्व देख रहे हैं। उमा को उनकी इस उपलब्धि, हमारे राज्य से नीली जर्सी पहनने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए बधाई। उन्होंने कहा, '' हम बांग्लादेश के आगामी दौरे पर उमा और भारतीय टीम का समर्थन करेंगे। हम मैदान पर उनकी शानदार सफलता की कामना करते है।

उमा पांच भाई-बहन में सबसे छोटी और एकमात्र बहन है।

असम क्रिकेट संघ (एसीए) के पूर्व संयुक्त सचिव ने कहा, '' उमा के पहले कोच राजा रहमान और मेहबूब आलम थे और वह अब भी नियमित रूप से आलम की देख-रेख में अभ्यास करती हैं। एसीए ने भी आगे बढ़ने में उसकी सहायता की। उमा भी एसीए गुवाहाटी में है। वह इस सप्ताह के अंत में मुंबई में भारतीय टीम से जुड़ेंगी और फिर बांग्लादेश के मीरपुर के लिए रवाना होंगी। भारतीय टीम बांग्लादेश में नौ जुलाई से शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी।



# भारत के खिलाफ सीरीज से पहले वेस्टइंडीज बोर्ड ने लारा को मेंटॉर बनाया

**जमैका ।**



विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के कारण विश्व क्रिकेट में हो रही अपनी फजीहत को देखते हुए अब वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ 12 जुलाई से होने वाली टेस्ट सीरीज में अपनी पूरी ताकत लगा देगी। टीम अभी अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। उसे क्वालीफायर में स्कॉटलैंड जैसी कमजोर टीम से भी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उसे ग्रुप राउंड में भी जिम्बाब्वे और नीदरलैंड ने हराया था। ऐसे में क्रिकेट बोर्ड ने टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए दिग्गज क्रिकेटर ब्रायल लारा को मेंटॉर बनाया है। लारा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 500 रन की पारी, तो टेस्ट क्रिकेट में 400 रन की पारी खेली है। टेस्ट की एक पारी में उनके नाम सबसे अधिक रनों का रिकार्ड है। उन्होंने 131 टेस्ट और 299 एकदिवसीय मैच खेले हैं। ऐसे में उनके अनुभवों का लाभ टीम उठाना चाहेगी। लारा ने टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में 10 हजार से अधिक रन बनाये हैं। लारा ने फर्स्ट क्लास के 261 मैच में 52 की औसत से 22156 रन बनाए हैं। नाबाद 501 रन उनका सबसे अधिक स्कोर रहा है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए सत्र में दोनों ही टीमों की पहली सीरीज है। ऐसे में दोनो ही टीमें इसपर अपना पूरा जोर लगा देंगी।



## अर्जेंटीना का विश्व कप विजेता खिलाड़ी पहुंचा भारत, बोला - मैं शुरू से यहां आना चाहता था

**कोलकाता:** अर्जेंटीना की फीफा विश्व कप में तीसरी खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एमिलियानो मार्टिनेज सोमवार को यहां पहुंचे और फुटबॉल के दीवाने शहर ने उन्हें पलक पांवड़े पर बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पेले, माराडोना, मेस्सी और काफू जैसे खिलाड़ियों की मेजबानी करने वाला शहर पहली बार एक मौजूदा विश्व कप विजेता की मेजबानी कर रहा है, जिन्होंने पिछले दिसंबर में फ्रांस के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करके अर्जेंटीना को 36 वर्षों में अपना पहला विश्व खिताब दिलाया था। मार्टिनेज ने कड़ी सुरक्षा के बीच एक पंचतारा होटल में पहुंचे। अगले दो दिन तक उनका व्यस्त कार्यक्रम है। इस दौरान उन्हें कई कार्यक्रमों में भाग लेना है। मार्टिनेज ने अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत में कहा,''मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। यह बहुत प्यारा देश है। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैंने भारत आने का वादा किया था और इसलिए मैं यहां हूं। यह ऐसी जगह है जहां मैं हमेशा आना चाहता था।

# वेस्टइंडीज में समुद्र तट पर वॉलीबॉल मैच खेलती दिखी भारतीय टीम

**जमैका ।**

भारतीय क्रिकेट टीम आजकल वेस्टइंडीज दौरे पर गयी हुई है। टीम इंडिया को इस दौरे में दो टेस्ट , तीन एकदिवसीय के साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। इस दौरे से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ी समुद्र किनारे वॉलीबॉल खेलते हुए नजर आये। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआईढ्ढ) ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो को युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने बनाया है।

समंदर किनारे हुए इस वॉलीबॉल मैच में टीम को दो भागों में बांटा गया था। एक ओर विराट कोहली के साथ ही कोच राहुल द्रविड़ की टीम थी जबकि दूसरी ओर मोहम्मद सिराज और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ की टीम थी। दोनों टीमों के बीच वॉलीबॉल का जोरदार मुकाबला हुआ। इसमें विराट की टीम आगे निकल गयी। इस मैच में जब विराट टीम के लिए अंक हासिल कर रहे थे तो राहुल द्रविड़ ने उनका हौसला बढ़ाया।



इस दौरे में डोमिनिका में दोनो ही टीमों के बीच पहला टेस्ट खेला जाएगा। इससे पहले एक अभ्यास मैच में भी भारतीय टीम को खेलने का अवसर मिलेगा। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा भी टीम से जुड़ गये हैं। इससे पहले वह छुट्टियां मनाने यूरोप गये हुए थे। भारतीय टीम इस दौरे में 6 जुलाई को स्थानीय टीम के खिलाफ एक अभ्यास मैच भी खेलेगी।

**भारतीय टेस्ट दल इस प्रकार है:**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट और नवदीप सैनी।

**संक्षिप्त समाचार**



## सुनक के बयान पर ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज का पलटवार, अपनी टीम पर हमें गर्व

**सिडनी ।**

एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जिस प्रकार विवादास्पद तारीके से आउट कराया उसये ये मामला निकलकर दोनो सरकारों के बीच का होता जा रहा है। पहले इस मामले में इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बेयरस्टो को आउट दिये जाने को खेल भावना के विपरीत करार दिया था। सुनक ने अपने एक ट्वीट में कहा था कि वे इस प्रकार से कभी नहीं जीतना चाहेंगे। उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का समर्थन करते हुए ये कहा था कि बेयरस्टो को जिस तरह से रन आउट किया वह सही में खेल भावना के विपरीत था।वहीं इस मामले में अब ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सुनक के ट्वीट पर पलटवार किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम का बचाव करते हुए कहा है कि उन्हें अपनी टीम पर गर्व है। इसी को लेकर अल्बनीज ने कहा कि मुझे हमारी पुरुष और महिला क्रिकेट टीम पर गर्व है। दोनों टीमों ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज टेस्ट के शुरुआती दो मैचों में जीत हासिल की है। ये पुरानी ऑस्ट्रेलिया ही है, जो हमेशा जीतती है। गौरतब है कि कि बेयरस्टो के रन आउट होने पर मैदान में भी प्रशंसकों ने जमकर हंगामा किया था और ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ लॉन्ग रूम में भी नारेबाजी हुई थी। प्रशंसकों ने कंगारू टीम को धोखेबाज और खेल भावना के विपरीत काम करने वाला बताया। इसके बाद इस मामले में क्रिकेट जगह दो खेमों में बंटता नजर आया। एक खेमा बेयरस्टो को आउट दिये जाने को सही करार दे रहा था, वहीं दूसरे ने इसे खेल भावना के विपरीत बताया।

## हरभजन को गलत नाम लिखने के कारण प्रशंसकों ने ट्रोल किया

**नई दिल्ली ।**

दिग्गज स्पिनर और कमेंटेटर हरभजन सिंह सोशल मीडिया पर अपने एक ट्वीट के कारण आलोचना का शिकार हो रहे हैं। हरभजन को 3 जुलाई को सभी प्रशंसकों ने जन्मदिन की बधाई पर अब उन्हें सोशल मीडिया पर एक ट्वीट का जवाब देना भारी पड़ गया है। इसमें उन्होंने शीर्ष पांच टेस्ट खिलाड़ियों का नाम गलत लिख दिया है, जिसके बाद प्रशंसकों ने उन्हें खूब ट्रोल किया। एक ट्विटर यूजर ने सवाल किया कि दुनिया के टॉप 5 टेस्ट क्रिकेटर कौन है? सिर्फ टैलेंट के दम पर नहीं, बल्कि बड़े टूर्नामेंट में गेम चेंजर और मैच विनर के रूप में बताना है। मैं दो नाम चुनता हूं बेन सटोक्स और पैट कमिंस उम्मीद है कि सभी सहमत होंगे। आप बचे हुए तीन खिलाड़ियों का चयन करें। ? इस ट्वीट का जवाब देते हुए हरभजन ने 4 जुलाई की सुबह 4 बजे 5 खिलाड़ियों के नाम बताए। उनके अनुसार, दुनिया के शीर्ष पांच टेस्ट खिलाड़ियों में नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और बेन स्टोक्स शामिल है पर हरभजन ने इंग्लैंड के खिलाड़ियों के नाम की गलत स्पेलिंग लिख दी। इसी को लेकर प्रशंसकों ने उनकी खिंचाई कर दी।

# वेस्टइंडीज में यशस्वी, ऋतुराज और ईशान को पारी की शुरुआत का अवसर मिलना मुश्किल

**जमैका ।**

वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल युवा बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को 12 जुलाई से होने वाली टेस्ट सीरीज में पारी शुरु करने का अवसर शायद ही मिले। इसका कारण ये है कि अब तक रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छा प्रदर्शन किया है इसके साथ ही ये तीनों ही प्रारुपों में भी खेलत हैं। ऐसे में देखना है कि कोच राहुल द्रविड़ इस दौरे में यशस्वी, ऋतुराज ओर ईशान को किस जगह पर अवसर देते हैं। इन तीनों ने ही अब तक अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।

**यशस्वी जायसवाल:**

यशस्वी ने घरेलू क्रिकेट से लेकर आईपीएल में अपने जबरदस्त बल्लेबाजी की है। इससके बाद भी वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पारी शुरु नहीं कर सकेंगे। उन्हें नंबर-3 पर ही अवसर मिल सकता है। यशस्वी ने ओपनर के तौर पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया है। इसके अलावा उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में भी दोहरा शतक बनाया है।



**ऋतुराज गायकवाड़:**

ऋतुराज ने लिस्ट-ए क्रिकेट में एक ओवर में 7 छक्के लगाये हैं। ऋतुराज को टेस्ट के अलावा एकदिवसीय टीम में भी जगह मिली है पर इन दोनो ही प्रारुपों में रोहित और शुभमन के होने के कारण ऋतुराज को पारी शुरु करने का अवसर नहीं मिलेगा।

**ईशान किशन:**

ईशान बेहद आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश दौरे पर एकदिवसीय में दोहरा शतक लगाया था। इस दौरे में उन्हें एकदिवसीय और टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। ईशान टेस्ट में ऋषभ पंत की तरह आक्रामक पारी खेलने में सक्षम हैं। इसके बाद भी उन्हें पारी की शुरुआत का अवसर शायद ही मिले।



## नीदरलैंड की जीत में विक्रमजीत की रही अहम भूमिका

**हरारे ।** विक्रमजीत सिंह की शतकीय पारी से नीदरलैंड ने एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में ओमान को हरा दिया। डच टीम ने इस मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से 74 रन से जीत हासिल की। इसी के साथ ही नीदरलैंड के विश्वकप में प्रवेश की संभावनाएं बनी हुई हैं। वर्षा बाधित इस मैच में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विक्रमजीत के शतक 110 रनों की सहायता से 48 ओवर में सात विकेट पर 362 रन बनाए। ओमान की ओर से बिलाल खान ने तीन और मोहम्मद नदीम ने दो विकेट लिए। इसके बाद ओमान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अयान खान के शतक 105 रनों की सहायता से 44 ओवर में छह विकेट पर 246 रन बनाए। तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया। नीदरलैंड की ओर से ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 10 ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज रेयान क्लेन ने दो सफलता हासिल की इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान नीदरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाजी विक्रमजीत ने शतकीय पारी खेलते हुए 110 रन बनाये। उन्होंने मैक्स ओडौड 35 रनों के साथ पहले विकेट के लिए 117 और दूसरे विकेट के लिए वेसले बरेसी के साथ 80 रन बनाये जबकि बरेसी ने 10 चौके और तीन छक्के लगाकर 97 रन की आक्रामक पारी खेली। बैड डे लीडे ने 39 रन और साकिब जुल्फिकार ने 17 गेंद में 33 रन बनाकर स्कोर 360 के ऊपर पहुंचाया।

## डिविलियर्स ने वार्न, बुमराह और राशिद को बताया अपने करियर का सबसे कठिन गेंदबाज

**मुम्बई ।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा है कि शेन वार्न, जसप्रीत बुमराह और राशिद खान का सामना करना उन्हें अपने करियर में सबसे कठिन लगा है। सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके डिविलियर्स ने कहा कि दिग्गज स्पिनर वार्न अपने कौशल और विविधता के कारण विरोधी बल्लेबाजों पर भारी पड़ते थे। इसके अलावा उन्होंने जसप्रीत बुमराह और राशिद खान को भी कठिन प्रतिस्पर्धी बताया। डिविलियर्स ने कहा, बुमराह हमेशा बहुत चुनौतीपूर्ण थे क्योंकि वह बहुत प्रतिस्पर्धी थे, वह कभी पीछे नहीं हटते थे, हमेशा आपके सामने होते हैं इसलिए मेरे मन में उनके लिए और जिस तरह से वह अपना क्रिकेट खेलते हैं उसके लिए बहुत सम्मान है। वह मेरे पास वापस आया और कई बार मुझे आउट लिया और मुझे वह प्रतिस्पर्धात्मकता पसंद है। डिविलियर्स के राशिद खान को बेहतर बताने से सभी हैरान हुए था क्योंकि जब दोनों एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे थे तो उन्होंने राशिद पर जमकर छक्के लगाये थे।

# सविता की कप्तानी में यूरोप दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

### सुशीला और दीपिका की वापसी , युवा ज्योति भी शामिल

**नई दिल्ली ।**

भारतीय हॉकी टीम सविता की कप्तानी में यूरोप दौरे पर जाएगी। हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम में अधिक बदलाव नहीं किये गये हैं। टीम की कप्तानी सविता के पास बरकरार है जबकि दीप ग्रेस इक्का को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं अनुभवी डिफेंडर सुशीला चानू और फॉरवर्ड दीपिका की दौरे पर वापसी हुई है। इससे पहले सुशीला और दीपिका को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आराम दिया गया था। युवा ज्योति छत्री को पहली बार सीनियर टीम में स्थान मिला है। भारतीय टीम अभी बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रही है। बिछू देवी खारीबाम दूसरी गोलकीपर होंगी जबकि दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और सुशीला चानू डिफेंस संभालेगी। मिडफील्ड में निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के और ज्योति छत्री को शामिल किया गया है। फॉरवर्ड पंक्ति में वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी और दीपिका रहेंगी।

भारतीय टीम को यूरोप दौरे में जर्मनी में मैच खेलने के बाद 16 जुलाई से स्पेन में चार देशों के टूर्नामेंट में खेलना है।



**टीम इस प्रकार है :**

**गोलकीपर :** सविता (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम

**डिफेंडर :** दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, सुशीला चानू

**मिडफील्डर :** निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के, ज्योति छत्री

**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, दीपिका

## मजूमदार बन सकते हैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर अमोल मजूमदार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच बन सकते हैं। अमोल का कोच पद के लिए गत दिवस क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने साक्षात्कार लिया था। मजूमदार से सीएसी सदस्य अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक बेहद प्रभावित नजर आये। टीम के कोच पद के लिए डरहम के पूर्व कोच जॉन लुईस और तुषार आरोठे ने भी साक्षात्कार दिया था। आरोठे साल 2018 में इस्तीफा देने से पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे थे। गत वर्ष दिसंबर में रमेश पोवार को बर्खास्त किए जाने के बाद से भारतीय महिला टीम के लिए कोच की तलाश की जा रही थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, '' सीएसी अमोल की प्रस्तुति से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। वह महिला टीम को लेकर स्पष्ट योजना लेकर आये हैं। वहीं अन्य प्रस्तुतियां भी अच्छी थीं पर अमोल की प्रस्तुति सबसे बेहतर रही। उम्मीद है कि इस काम के लिए उन्हीं का चयन होगा। मजूमदार हाल ही में मुंबई रणजी टीम के मुख्य कोच थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम के साथ भी कोचिंग स्टाफ में रहे हैं। वह व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। मजूमदार को इसी माह नौ जुलाई से शुरू होने वाली बांग्लादेश दौरे से पहले टीम का मुख्य कोच बनाया जा सकता है। भारतीय टीम इस दौरे पर मीरपुर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

# माइग्रेंट पाक हिंदू-डॉक्टर नेक पेशे के साथ नोबल कार्य के लिए भारत में आए हैं: मुख्यमंत्री




**अहमदाबाद ।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर अहमदाबाद के टागोर हॉल में आयोजित माइग्रेंट पाक हिंदू डॉक्टर्स रजिस्ट्रेशन आभार समारोह में सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन गुरुजनों को समर्पित है। गुरु वह है जो हमें अंधकार से प्रकाश की यात्रा कराता है। आज का अवसर हमारे लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि चिकित्सा-स्वास्थ्य क्षेत्र भी एक सेवा क्षेत्र है जहां डॉक्टर मरीज को दर्द और बीमारी के अंधेरे से निकालकर स्वास्थ्य तथा तंदुरुस्तीके उज्वल जीवन की ओर ले जाते हैं। आज यहां उपस्थित डॉक्टर वे डॉक्टर हैं जिन्होंने स्वयं अंधकार से प्रकाश की ओर सफल यात्रा की है और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में स्थायी निवास और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पाकिस्तान से आए ये हिंदू भाई-बहन भारत तथा इसमें भी विशेषकर गुजरात के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए यहां आए हैं, इस प्रकार वे एक नेक पेशे के साथ एक नेक काम के लिए भारत आए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को बधाई देते हुए कहा कि इस अवसर पर पंजीकृत डॉक्टर गुजरात की स्वास्थ्य सेवा में योगदान देने जा रहे हैं, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नौ वर्षों के सुशासन के दौरान देश की जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सफल प्रयास किये हैं।देश में 2014 में कुल 8 एम्स थी जो वर्ष 2023 में बढ़कर 23 हो गई हैं। मेडिकल कॉलेज 641 थे जो 2023 में बढ़कर 1,341 हो गए हैं। देश में 2014 मेडिकल सीटों की संख्या 82 हजार थी, वह बढ़कर 1 लाख 52 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल के दौरान प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें 220 करोड़ से अधिक खुराक देश के नागरिकों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भारत में प्रधानमंत्री ने भारतीय गौरव, संस्कृति की पुनर्स्थापना तथा सनातन धर्म की सेवा का कार्य किया है। नरेन्द्र मोदी जी ने सभी भारतवासियों के हृदयस्थ प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया है। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के दरवाजे अगले वर्ष भावी भक्तों के लिए औपचारिक रूप से खोल दिए जाएंगे। यहां यह उल्लेखनीय है कि माइग्रेट पार्क-हिंदू डॉक्टर्स आभारसमारोह के अंतर्गत कुल 132 डॉक्टरों ने एनएमसी परीक्षा उत्तीर्ण की है और पंजीकरण कराया है। इतना ही नहीं, गुजरात में कुल 32 डॉक्टर स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी सेवाएं देंगे।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्रीजी के जन्मदिन के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया



**सूरत भूमि, सूरत।**

पंडित धीरेंद्र शास्त्रीजी के जन्मदिन के अवसर पर VSS ग्रुप द्वारा साई पैलेस पर बड़े ही धूमधाम से सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर गायक मदन गिरी के भजनों में भक्तगण जमकर झूमे। इस अवसर पर विजय उपाध्याय ने बताया कि सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाना है तो हमें पंडित धीरेंद्र शास्त्रीजी के मार्गों पर चलना होगा, तभी जाकर पूरे भारत में हम सनातन संस्कृति को स्थापित कर पाएंगे। क्योंकि आजकल के लोगों में पश्चिम सभ्यता को अपनाने के लिए होड़ मची हुई जो कि भारत के लिए बड़ा ही चिंता का विषय है।

## सड़क पर पड़े पत्थरों और गंदगी के कारण 1200 साधु-साध्वियों को नंगे पैर चलना पड़ रहा है





**सूरत।** सूरत के वेसू वीआईपी रोड की सड़क पर पड़े पत्थरों और गंदगी के कारण 1200 साधु-साध्वियों को नंगे पैर चलना पड़ रहा है, साथ ही वाहन चालकों की मुश्किल भी बढ़ गई है। उपनगरों से आने वाले लोग सूरत की तथाकथित आइकन रोड को देखकर मुस्कुरा रहे हैं।

सूरत के वेसू वीआईपी रोड की सार्वजनिक सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थरों और गंदगी के कारण यह सड़क करीब 1200 साधु-साध्वियों के साथ-साथ वाहन चालकों के लिए भी आफत बन गई है। इस स्थान पर कई वाहनों के फिसलने से इस क्षेत्र के आसपास की सोसायटी के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका ने उपकरणों की मदद से इन पत्थरों को सड़क से हटाना शुरू कर दिया है। हालाँकि, अब भी ये पत्थर पूरी सड़क पर फैले हुए हैं और छोटे वाहन इन पत्थरों और गंदगी के कारण फिसलते हैं, सड़क पर कीचड़ के कारण सुर्ती की समस्या बढ़ रही है। शहर के वेसू वीआईपी रोड इलाके में व्यस्त सड़क पर बड़े-बड़े पत्थरों के कारण साधु साध्वी जी को नंगे पैर चलने में भी परेशानी होती है। गंदगी और पत्थरों के कारण वाहन चालकों की परेशानी बढ़ती जा रही है, क्योंकि नगर निगम तंत्र सड़क को समतल करने का काम ठीक से नहीं कर रहा है।

## रईशी मौज शौक पूरा करने के लिए बाइक चोरी करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**सूरत।** शहर की उधना पुलिस ने चार ऐसे युवकों को गिरफ्तार कर लिया जो रईशी मौज शौक पूरा करने के लिए मोटर साइकिलें चुराते थे। बाइक चोरी कर चारों युवक दमन जाती और वहां पार्टी करते थे। दो कॉलेजियन समेत चार आरोपियों ने अब तक 10 मोटर साइकिलों की चोरी की होने की बात कबूल की है। जानकारी के मुताबिक सूरत की उधना पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि चार शख्स नंबर प्लेट बगैर की चोरी की मोटर साइकिलें लेकर घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बगैर नंबर प्लेट की मोटर साइकिल लेकर निकले चार शख्सों को रोक लिया और उनसे पूछताछ शुरू कर दी। युवकों के जवाब से असंतुष्ट पुलिस जैसे ही सख्त हुई चारों तोते की तरह बोलने लगे। युवकों के पास मोटर साइकिलों के कोई दस्तावेज नहीं थे। पुलिस की कड़ी पूछताछ में चारों ने कबूल किया कि वह अब तक अलग अलग जगहों से 10 मोटर साइकिलों की चोरी कर चुके हैं। चार में से एक आदिनाथ उर्फ गोलिया युवराजकुमार बोरसे आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। महाराष्ट्र का मूल निवासी आदिनाथ के खिलाफ वहां के आजाद नगर पुलिस थाने में हत्या की कोशिश के 3 केस दर्ज हैं। जिसमें आदिनाथ सजा भी काट चुका है। इतना ही नहीं आदिनाथ को दो साल के लिए महाराष्ट्र से तड़ी पार कर दिया गया है। दूसरा आरोपी श्यामकांत उर्फ श्याम उर्फ ऋषि अनिल वैराडे बीए पास है। तीसरा आरोपी है अमृत उर्फ काले भरत ठाकरे, जो कॉलेज के दूसरे साल का छात्र है। जबकि चौथा नितिन उर्फ आबा उखा बागुल सूरत के डिंडोली का निवासी है और उसके पत्नी गर्भवती है। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि चारों आरोपी मौज शौक पूरा करने के लिए चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 मोटर साइकिल समेत रु.2.75 लाख माल सामान जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू की है।

## आयुर्वेदिक सिरप की आड़ में नशीले पेय बेचने का पर्दाफाश, पुलिस ने लाखों का माल किया जब्त

**राजकोट ।** पूर्व सूचना के आधार पर राजकोट क्राइम ब्रांच ने आयुर्वेदिक सिरप की आड़ में नशीले पेय बेचने के धंधे का पर्दाफाश करते हुए लाखों रुपए का माल जब्त कर लिया। साथ ही पांच जितने ट्रक भी अपने कब्जे में ले लिए। दरअसल राजकोट पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में पान की कुछ दुकानों में आयर्वेदिक सिरप की आड़ में नशीला पेय बेचा जा रहा है। कथित आयुर्वेदिक सिरप पीने के बाद व्यक्ति को नशा चढ़ जाता है। सूचना के बाद राजकोट क्राइम ब्रांच, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप समेत स्थानीय पुलिस ने शहर जांच शुरू कर दी। इस बीच राजकोट क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि आयुर्वेदिक सिरप का स्टॉक शहर में अलग अलग ट्रकों में रखा गया है। सूचना के आधार पर राजकोट क्राइम ब्रांच ने शहर के नागरिक बैंक चौक के निकट माधव पार्किंग से संदिग्ध सिरप का स्टॉक बरामद किया। कथित सिरप में गीताजंलि द्राक्षासव स्पेशल हेल्थ केयर आयुर्वेद की 11950 बोतलें, उसीरसव अश्वर अरिस्टा हेल्थ केयर आयुर्वेदिक की 20325 बोतलें, अश्वस्व बीटवीन द ब्रेइन अधर पार्ट ऑफ बोडी हेल्थ केयर आयुर्वेदिक की 9150 बोतलें, काल मेघस्व अश्व अरिस्टा हेल्थ केयर आयुर्वेदिक की 21225 बोतलें, कंकारव हेल्थ केयर आयुर्वेद की 1000 बोतलें और गार्गम अश्व अरिस्टा हेल्थ केयर आयुर्वेदिक की 9625 बोतलों समेत 5 ट्रक जब्त कर लिए। क्राइम ब्रांच ने करीब रु. 13 लाख से भी अधिक का माल सामान जब्त किया है। पुलिस को आशंका है कि बोतलों पर भले ही औषधी का नाम लिख है, लेकिन उसके पीने से नशा जरूर होता है।

## एल्कॉन आइ ऑन कैटरेक्टा ग्लोबल सर्वे में भारत के 86% लोगों ने कहा दृष्टि है बढ़ती उम्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू

**सूरत ।** आंखों की देखभाल के क्षेत्र में ग्लोरबल लीडर एल्कॉरन ने आज अपने महत्विपूर्ण एल्कॉ न आइ ऑन कैटरेक्टल सर्वे के नतीजों का खुलासा किया। यह सर्वे मार्च-अप्रैल 2023 के दौरान, भारत समेत दुनिया के 10 देशों में 50+वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के बीच, विज़न और कैटरेक्ट संबंधी पड़ताल के उद्देश्यक से कराया गया है। इस सर्वे में उन लोगों को शामिल किया गया था जिनमें पिछले पांच वर्षों में, मोतियाबिंद (कैटरेक्टन) की पुष्टि हुई थी और जो मोतियाबिंद सर्जरी का इंतज़ार कर रहे थे अथवा करवा चुके थे। इसमें 50 वर्ष से ऊपर के ऐसे लोग भी शामिल थे जिन्हें कैटरेक्टय की शिकायत नहीं थी। इस सर्वे से यह स्पष्ट हुआ कि जो मरीज़ कैटरेक्टि सर्जरी करवा चुके हैं उनकी आंखों में और जीवन की गुणवत्तिा में सुधार हुआ है।

भारत में, लोग बढ़ती उम्र में दृष्टि को याददाश्तर और मोबिलिटी से भी अधिक अहमियत देते हैं। ज्यागदातर भारतीय (90%) स्पनष्टी दृष्टि के लिए कैटरेक्ट सर्जरी पर निवेश के इच्छुहक हैं। इस सर्वे से एक और दिलचस्पक पहलू यह भी सामने आया कि करीब 54%भारतीय चश्मा लगाने की वजह से खुद को बूढ़ा समझते हैं जबकि 50+वर्ष से अधिक उम्र के 92%भारतीय चश्मे से पीछा छुड़वाने के लिए लैंस पर खर्च करने के लिए तैयार हैं। जहां तक कैटरेक्ट सर्जरी के बारे में जानकारी का सवाल है, 59%लोगों का मानना है कि वे किसी आइ केयर प्रोफेशनल से परामर्श लेंगे, जबकि 39%और 37%ने क्रमश: परिवार और दोस्तों से यह सलाह लेने की तथा 36%ने स्वास्थ संबंधी वेबसाइटों से जानकारी हासिल करने की बात स्वी कार की।

एल्कॉ न इंडिया के कंट्री मैनेजर अमर व्याउस ने कहा, "हम दुनियाभर में जून माह के दौरान मनाए गए मोतियाबिंद जागरूकता माह के मद्देनज़र, इस सर्वे के नतीजों को साझा करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। इस सर्वे ने इस बारे में और जागरूकता बढाने की जरूरत को रेखांकित किया है। भारत में बूढ़े हो रहे वयस्कों की आबादी 260 मिलियन 2 है। यह जानना जरूरी है किइस सर्वे के अनुसार, जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, स्व स्था दृष्टि का मोल भी उतना ही बढ़ता है। रोज़मर्रा की गतिविधियों के लिए स्पजष्टी दृष्टि का महत्वि लोगों को और भी समझ आता है और सच तो यह है कि अच्छी विज़न होना हैल्दी एजिंग की प्रक्रिया के लिहाज़ से अहम् है। इस सर्वे के नतीजों ने लोगों को कैटरेक्टा सर्जरी के बाद स्पष्टे विज़न के अपने विकल्पों के बारे में शिक्षित करने की जरूरत पर ज़ोर दिया है। कैटरेक्ट सर्जरी में मरीज़ों के धुंधलाते लैंसों को बदलकर एडवांस टैक्नोकलॉजी वाले इंट्राऑक्यूटलर लैंसों को लगाया जाता है। यह जीवन में एक बार की जाने वाली ऐसी सर्जरी है जो न सिर्फ कैटरेक्टै पूर्व विज़न को वापस लाती है बल्कि कई रिफ्रेक्टिव दोषों जैसे प्रेसबायोपिया और एस्टिगमेटिज़्पम को भी ठीक कर चश्माल लगाने की जरूरत कम करती है।"

## गुजरात में आगामी 5 दिन भारी बारिश की संभावना, 6 जुलाई से मेघा की होगी धुआंधार बेटिंग

**अहमदाबाद।** दो-तीन दिन बारिश से लोगों को राहत मिली है तो गर्मी और उमस ने परेशान कर दिया है। कल से फिर एक बार मेघा की सवारी आने वाली है और अगले पांच दिन धुआंधार बारिश हो सकती है। नई सर्क्युलेशन सिस्टम के सक्रिय होने से गुजरात में बारिश का दूसरा राउंड शुरू होगा और दूसरा राउंड भी जबर्दस्त होगा। मौसम विभाग के मुताबिक 6 जुलाई से बारिश का दूसरा दौर शुरू होगा। फिलहाल हलके से मध्यम बारिश होगी। परंतु नई सिस्टम के सक्रिय होने के कारण 6 जुलाई से राज्य में भारी बारिश होगी। मौसम विभाग का राज्य में 5 दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक 6 जुलाई को अमरेली, जूनागढ़, दादरा नगर हवेली, गिर सोमनाथ, नवसारीऔर वलसाड में मूशलाधार बारिश होगी। । जुलाई को अहमदाबाद, भावनगर, जूनागढ़, बोटाद, गिर सोमनाथ, सूरत, तापी, डांग, नवसारी और वलसाड इत्यादि में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक आज से हवा की गति बढ़ेगी, जिसे देखते हुए मछुआरों को । जुलाई तक समुद्र में नहीं जाने की चेतावनी दी गई है। दूसरी ओर कई मौसम के जानकारों का मानना है कि गुजरात में दो चरणों में जबर्दस्त बारिश की संभावना है। । से 15 अगस्त तक सौराष्ट्र-कच्छ, उत्तर गुजरात में भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है। जिसके बाद 25 जुलाई से 8 अगस्त तक फिर एक बार अच्छी बारिश का अनुमान है। इस वर्ष राज्य में मानसून की औसत 11 ईंच बारिश हो चुकी है। कच्थ जोन में सबसे अधिक 16 ईंच जबकि दक्षिण गुजरात जोन में 15.3 ईंच बारिश दर्ज हुई है।

## फ्लिपकार्ट पर रु. 35 हजार से कम कीमत में प्रीमियम कैमरा तकनीक वाले शीर्ष 5 स्मार्टफोन

उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेना स्मार्टफोन के उपयोग का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। इसलिए यदि आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं या खूबसूरत पलों को कैद करना पसंद करते हैं, तो आपको अद्भुत कैमरा तकनीक वाले स्मार्टफोन पर बहुत अधिक खर्च करने की जरूरत नहीं है। हम आपके लिए बेहतरीन कैमरा तकनीक वाले 5 बेहतरीन स्मार्टफोन लाए हैं और सभी 1000 रुपये से कम कीमत में। केवल फ्लिपकार्ट पर 35,000 रुपये में उपलब्ध है। अत्याधुनिक रात्रि कैप्चर से लेकर उन्नत ज़ूम सुविधाओं तक, यह डिवाइस बिना किसी रुकावट के एक यादगार फोटोग्राफी अनुभव प्रदान करता है।

**सैमसंग गैलेक्सी F54 5G**

सैमसंग गैलेक्सी स्न54 5त्न आपकी रात की फोटोग्राफी में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एस्ट्रोलैप्स सुविधा के साथ, आप आश्चर्यजनक रात के रास्तों को कैद कर सकते हैं और रात के आकाश का पहले जैसा आनंद ले सकते हैं। कम रोशनी वाली सेटिंग में, सैमसंग गैलेक्सी F54 5G का 'नाइटोग्राफी' फीचर सुनिश्चित करता है कि आपकी तस्वीरें मिनट-दर-मिनट विस्तार से कैप्चर की जाएं।

**गूगल पिक्सल 6a**

Google Pixel 6A का मालिक होना किसी भी फोटोग्राफर के लिए खुशी की बात है। यह फेसअनब्लर्नेस के साथ आता है, जो धुंधले चेहरों को भी अच्छा दिखाता है। यह रियल टोन के साथ भी आता है, जो विभिन्न त्वचा टोन में भी काफी प्रामाणिक फोटो लेता है। कैमरा मैजिक इरेज़र उपकरण आसानी से विकर्षणों को दूर करके एक साफ़ और केंद्रित फ़ोटो लेने में आपकी सहायता करते हैं।

**रियलमी 11प्रो प्लस 5जी**

Realme 11Pro Plus 5G सीरीज़ अपने 200MP सुपरज़ूम कैमरे के साथ कैमरा तकनीक में एक छलांग लगाती है, जो OIS के साथ 4x इन-सेंसर ज़ूम करने में सक्षम है। एक फ्लैगशिप स्मार्टफोन के रूप में जाना जाने वाला, Realme 11Pro Plus 5G अपनी अद्भुत कैमरा क्षमताओं के साथ खड़ा है। यह 4x लूज़लेस ज़ूम, 2x प्रोटेक्ट मोड और ऑटो-ज़ूम तकनीक जैसी उद्योग की पहली सुविधाएँ पेश करता है।

**वीवो V27 5G**

Vivo V27 5G रात के समय की पोर्ट्रेट फोटोग्राफी को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है। इसका नाइट पोर्ट्रेट फीचर ऑरा लाइट द्वारा संचालित है। तो आपकी तस्वीरें इतनी आकर्षक और प्रामाणिक दिखेंगी, जैसे कि आपने उन्हें सोनी द्ध्रूड्ढ 766ड्ड सेंसर की बदौलत दिन में वापस ले लिया हो। एक गर्म, शैम्पेन जैसा स्वर आपकी छवि में एक विशेष एहसास जोड़ता है।

**ओप्पो रेनो 8T 5G**

अपने 108 एमपी पोर्ट्रेट कैमरा, प्रीमियम माइक्रोलेंस, 2 एमपी डेप्थ कैमरा और 32 एमपी सेल्फी कैमरे के परिष्कार के साथ, ओप्पो रेनो 8T 5G आपकी रचनात्मकता को उजागर करने के लिए एक आदर्श आधार प्रदान करता है। 108 एमपी अल्ट्रा-हाई रेजोल्यूशन और नॉनपिक्सल प्लस तकनीक हर पल को अत्यंत स्पष्टता और गहराई के साथ कैप्चर करती है।

## जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल गांधीनगर ने गांधीनगर में भारत की पहली श्रव्य इंटरनेशनल कॉक्लीविस्टा ( ओ ) कार्यशाला का आयोजन किया

**गांधीनगर ।** कुछ मामलों में, नवजात शिशु अक्सर जन्म के बाद बोलने और सुनने में असमर्थ होते हैं। तो क्या ऐसे बच्चों का इलाज संभव है? क्या वे कभी दूसरों की तरह बोल और सुन सकेंगे? इस प्रकार के दोष से निपटने के बारे में जानकारी साझा करने और जागरूकता पैदा करने के लिए जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल गांधीनगर ने गांधीनगर में भारत की पहली श्रव्य इंटरनेशनल कॉक्लीविस्टा (ओ) कार्यशाला का आयोजन किया, जहां अनुभवी डॉक्टर लाइव सर्जरी करते समय अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे।

पाठ्यक्रम निदेशक - डॉ. नीरज सूरी, एक प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन और कॉक्लियर इंप्लांटोलॉजिस्ट - ने गुजरात में लोगों, विशेषकर बच्चों में श्रवण हानि को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। उन्होंने गुजरात सरकार के स्वास्थ्य विभाग के साथ हाथ मिलाया है और कई पहलों का नेतृत्व किया है जो यह सुनिश्चित करती हैं कि इस मुद्दे के समाधान के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाए। अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक जैसे प्रोफेसर डॉ. जेवियर गैविलन, अध्यक्ष, ओटोलरींगोलॉजी विभाग, ला पाज़ विश्वविद्यालय अस्पताल, स्पेन और प्रोफेसर डॉ. अरुण के गद्रे, गीजिंगर कॉमन वेल्थ स्कूल ऑफ मेडिसिन और गीजिंगर मेडिकल सेंटर में ओटोलॉजी और न्यूरोटोलॉजी के क्लिनिकल प्रोफेसर। डैनविले पीए, यूएसए में लाइव सर्जरी के समय मौजूद रहेंगे।

मुख्य अतिथि श्री जे पी गुप्ता ने शैक्षणिक कार्यक्रम की सराहना की और गांधीनगर नागरिक को और अधिक सफलता की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा डॉ. नीरज सूरी द्वारा लिखित पुस्तक "इमेजिंग हैंडबुक ऑन एनाटॉमी ऑफ कोक्लीया" का कवर पेज भी लॉन्च किया गया। यह किताब 31 जुलाई, 2023 को रिलीज हो रही है। इस बारे में डॉ. नीरज सूरी ने कहा, "एक ईएनटी सर्जन जो कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी पर विचार कर रहा है, उसे सीटी स्कैन, एमआरआई पढ़ना आना चाहिए। यह जरूरी है कि ईएनटी सर्जन भी भूमिका निभाए।" रेडियोलॉजिस्ट की भूमिका। यह पुस्तक उनके लिए है।"

इस अवसर पर उपस्थित डॉ. नीरज सूरी ने कहा, अब तक गुजरात में 2800 बच्चों को जन्मजात मूक-बधिर बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट के मुफ्त ऑपरेशन के माध्यम से श्रवण सहायता प्राप्त हुई है। गांधीनगर सिविल अस्पताल के कॉक्लियर इंप्लांट सेंटर ने 1600 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कीं। आज इस कार्यशाला के माध्यम से हम लाइव सर्जरी करके अपने ज्ञान का आदान-प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। हमने दुनिया भर से 300 से अधिक प्रतिनिधियों को अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए आमंत्रित किया है। यह नरेंद्र मोदी सर का सपना था और उन्होंने कोक्लीयर का एक बीज लगाया था, जो आज गुजरात के लिए विशाल सांस लेने वाले पेड़ बन गया है।

## डोमिनोज़ इंडियाने चैंपियंस न्यूट्रिशनल इनोवेशन के साथ गुजरात में न्यू रागी सुपर क्रस्ट पिज़्ज़ा लॉन्च कीया

**नोएडा ।** भारत की सबसे बड़ी खाद्य सेवा कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड (एनएसई, बीएसई- जुबिलेफूड) ने आज गुजरात में नया रागी सुपर क्रस्ट पिज्जा लॉन्च किया। गुजरात राज्य भारत के कृषि उद्योग में प्रमुख योगदानकर्ता है और राज्य ने मोटे धान के उत्पादन और संवर्धन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए प्रसिद्ध ब्रांड के रूप में, डोमिनोज़ मेनू में यह नया समावेश संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने के साथ मेल खाता है। यह लॉन्च बाजरा के पोषण और पारिस्थितिक लाभों को बढ़ावा देगा, जिससे उनकी वैश्विक खपत को बढ़ावा मिलेगा।

न्यू रागी सुपर क्रस्ट पिज़्ज़ा डोमिनोज़ पिज़्ज़ा के उत्कृष्ट व्यंजनों का मिश्रण है और साथ ही रागी के पौष्टिक गुणों से युक्त है, जो उपभोक्ताओं को एक पौष्टिक और पौष्टिक अनुभव का वादा करता है। डोमिनोज़ के विशेषज्ञ शेफ द्वारा तैयार किए गए, इन पिज्जा में रागी आटा, गेहूं का आटा और सादे जई जैसे बेहतरीन गुणवत्ता वाले बाजरा की सामग्री के साथ-साथ अलसी, तरबूज के बीज, कद्दू के बीज और सूरजमुखी के बीज जैसे विभिन्न बीज शामिल हैं।

गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री, श्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने डोमिनोज़ की दूरदर्शी पहल की सराहना की और कहा, "मुझे साणंद में जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड और डोमिनोज़ द्वारा मिलेट पिज़्ज़ा के वर्चुअल लॉन्च और उनके आगामी खाद्य प्रसंस्करण पार्क का उद्घाटन के इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। हम गुजरात में बाजरा को बढ़ावा देने के लिए जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के प्रयासों की सराहना करते हैं। यह कदम गुजरात की व्यापक बाजरा खपत के बारे में उनकी समझ को दर्शाता है। चूंकि भारत दुनियाभर में 5वां सबसे बड़ा बाजरा निर्यातक है, डोमिनोज़ का नया रागी सुपर क्रस्ट पिज्जा देश में बाजरा की खपत को बढ़ावा देता है। यह अनूठा नवाचार न केवल ब्रांड की मौलिकता के साथ मेल खाता है, बल्कि 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान के साथ भी मेल खाता है।"




श्याम एस भारतीय और हरि एस भारतीय, जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष उन्होंने इस लॉन्च को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि "गुजरात का जीवंत बाजरा उत्पादन आविष्कारशील व्यंजनों के लिए प्रचुर मात्रा में सामग्री प्रदान करता है। हम अपने व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध गुजरात में डोमिनोज़ का नया रागी सुपर क्रस्ट पिज़्ज़ा लॉन्च करते हुए रोमांचित हैं। हमारा उद्देश्य भारत सरकार के वर्ष 2023 को सही मायनों में जदाधन वर्ष बनाने के सपने को साकार करना है। हमारी नई रेंज ग्राहकों के पिज्जा खाने के अनुभव को यादगार बना देगी।"

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )